https://kkrnews.in/

RNI NO MPHIN/2021/82667

# दैनिक ख़बरों की रोशनी

KKR NEWS

वर्ष-4 अंक-281 भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपय

**सुविचार**

देश की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। भारतीय सेना के जवान हमेशा देश की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की दुबई के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा

## निवेशकों को बताया मध्यप्रदेश है निवेश के लिए श्रेष्ठ गंतव्य

**भोपाल एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दौरान सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों और औद्योगिक समूहों से वन-टू-वन चर्चा हुई, के कॉरपोरेट अफेयर्स एवं ग्रोथ रीजन) प्रमुख श्री अंकुर गुप्ता से भी मुलाकात की। चर्चा में आईटी, ऊर्जा, स्टील, ऑटोमोबाइल, एयरलाइंस, उपभोक्ता उत्पाद और




जिसमें मध्यप्रदेश में बहु-क्षेत्रीय निवेश की संभावनाओं पर व्यापक और सकारात्मक संवाद हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ श्री पंकज गुप्ता से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक रियल एस्टेट, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण एवं निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश पर चर्चा की। जीआईआई एक शरिया-संगत वैकल्पिक निवेश फर्म है जो वैश्विक स्तर पर विविध क्षेत्रों में निवेश करती है और अब मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाटा समूह हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर बात हुई। मुख्यमंत्री ने टाटा समूह को मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश केंद्र स्थापित करने हेतु आमंत्रित करते हुए राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और त्वरित अनुमतियों की जानकारी दी। गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम के अध्यक्ष डॉ. सुनील मांजरेकर के साथ बैठक में द्वारा मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों से सीधे संवाद के लिए मंच प्रदान करने सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने ग्लोबल कनेक्ट सीरीज़ के माध्यम से प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बीडीओ एज के हेड ऑफ एडवायजरी श्री शिवेंद्र झा ने भेंट कर भोपाल में 150-सीटर ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर की स्थापना और इंदौर में प्रस्तावित दूसरा डिजिटल सेंटर की जानकारी साझा की। यह केंद्र डिजिटल व परामर्श सेवाओं में रोजगार सृजन करेगा। साथ ही अगले तीन वर्षों में 800-1000 उच्च-कुशल नौकरियों के सृजन का लक्ष्य है। शराफ डीजी ग्रुप के चेयरमैन श्री इब्राहिम शराफ के साथ हुई बैठक में मध्यप्रदेश में 30-50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से रेल साइडिंग लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिससे राज्य में 300 से 600 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एस्सार अल घुरैर इन्वेस्टमेंट के प्रतिनिधि श्री योसेफ अल गुरैर से मुलाकात कर खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य तेल शोधन इकाई और कोल्ड चेन वेयरहाउस परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया। समूह ने राज्य के किसानों से दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की इच्छा जताई। कोनेरिस ग्रुप के सीईओ श्री भरत भाटिया ने मध्यप्रदेश में स्ठ 75 मिलियन लागत से स्टील प्लांट की स्थापना की योजना मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष रखी। कंपनी पहले से ही 26 देशों में स्टील उत्पाद भेजती है और भारत में अपनी उपस्थिति राज्य के माध्यम से बढ़ाना चाहती है। एतिसालात ग्रुप के सीईओ श्री खालिद मुर्शिद से स्मार्ट सिटी, नेटवर्क, टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ और डिजिटल स्किल डवलपमेंट के क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव रखें।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को चांटा मारा



**भिंड विशेष संवाददाता।** मध्य प्रदेश में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कभी भी किसी के साथ बदतमीजी कर सकते हैं मारपीट कर सकते हैं गली-गए रोज कर सकते हैं यह आम बात है बीजेपी के भिंड जिले के मंहगांव ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शर्मा पर आप है कि उन्होंने गुरु पूर्णिमा के दिन मंत्री राकेश शुक्ला की उपस्थिति में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नीरज शर्मा के गाल पर सार्वजनिक रूप से तमाचा मारा यह घटना गुरु पूर्णिमा के दिन है जिस दिन सारी दुनिया के लोग अपने गुरुओं की पूजा कर रहे थे उसी दिन बीजेपी के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शर्मा ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नीरज शर्मा को सार्वजनिक रूप से सबके सामने चांटा मारा घटना के कई दिन बाद अब यह वीडियो वायरल हुआ है जब कुछ छात्र देश के प्रथम राष्टपति की राधाकृष्णन की फोटो ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को देने गए थे तब वह फूट-फूट कर रोने लगे उसे समय उन्होंने छात्रों से कहा कि मेरा कोई बेटा होता तो वह मेरे अपमान का बदल देता और जिसने मुझे मारा है वह उसे जरूर मारता इस पर मां मौजूद छात्रों ने कहा कि हम भी आपके बेटे हैं आप आजा करो हम उसे मारेंगे आश्चर्य की बात तो यह है की मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश शुक्ला भी वहां मौजूद थे लेकिन राकेश शुक्ला अब इस बात पर बात करने को तैयार नहीं है भाजपा के विधायक भी वहां मौजूद थे अनेक नेता मौजूद थे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजवीर शर्मा का यह कहना है कि भाजपा के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शर्मा उनसे 20000 प्रतिमा रंगदारी टैक्स मांग रहे हैं या इसे गुंडा टैक्स भी कहा जा सकता है मध्य प्रदेश सरकार जिस भारतीय जनता पार्टी की है यदि उसके ही पदाधिकारी उसके नेता और कार्यकर्ता इस तरह अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से सिर्फ इसलिए मारे कि वह उन्हें पैसा नहीं देते तो यह कहां तक ठीक है इस पूरे मामले में मध्य प्रदेश भाजपा हाई कमान ने एक नोटिस जारी करके ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शर्मा से जवाब मांगा है नीरज शर्मा ने इस बात को स्वीकार किया है कि हां उन्हें पार्टी की तरफ से नोटिस मिला है वह जल्दी उसका जवाब दे देंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल को ऐसे मामलों को संज्ञान में जरूर लेना चाहिए और इस तरह के पदाधिकारी जो पार्टी की छवि क्यों खराब कर रहे हैं सार्वजनिक रूप से अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ मारपीट कर रहे हैं अशोक को तत्काल पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाएं अन्यथा आने वाले समय में यही नेता और कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल की छवि को खराब करने और पार्टी की छवि को खराब करने में और कोई बड़ा काम कर सकते हैं।

# सफाई व्यवस्था में अनाथ और लावारिस हो गया है भोपाल का वार्ड 78

## जनप्रतिनिधि की अनदेखी और स्वास्थ्य टीम का पक्षपात







*__दैनिक खबरों की रोशनी से अजहर खान की रिपोर्ट भोपाल।__ वार्ड 78, एक बड़ा क्षेत्र जहां अमन कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, जनता नगर, पिज़्ज़ा कॉलोनी आशियाना, हनीफ कॉलोनी, मुरली नगर, आवास विकास, ईरानी डेरा और मयूर विहार जैसी बड़ी कॉलोनियां गंदगी के साए में हैं। इन क्षेत्रों में औसतन मुस्लिम आबादी लगभग 60 फ़ीसदी से अधिक है। यहां से कांग्रेस के पार्षद मो. रियाजुद्दीन सर्वाधिक वोटो से विजयी हुए थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस पार्षद ने भाजपा शासन के कारण सुनवाई न होने का हवाला देते हुए मूलभूत सुविधाओं से मुंह मोड़ना शुरू कर दिया है। उन्ही के कथनानुसार स्वास्थ्य अधिकारियों में इनकी सुनवाई नगन्य हो गई है। जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की नालियां जाम पड़ी हैं, सड़कें पानी से भरी हैं, कचरा नहीं उठ रहा एवं सीवेज़ की गंदगी से तमाम रहवासी पीड़ित हैं। यह पार्षद की अनदेखी का परिणाम है या फिर कोई पार्टीबद्ध पक्षपात जिस कारण एचओ का स्वास्थ्य अमला इन इलाकों की उपेक्षा करते हुए साफ-सफाई नहीं कर रहा है। लिहाज़ा वार्ड 78 की जनता खुद को ठगा महसूस करते हुए तमाम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और अपने पार्षद से नाराज दिखाई दे रही है। जिम्मेदारी से भागते दिखाई दे रहे एचओ रामरतन लोहिया का कहना है कि सारी गंदगी नालियों के कारण हैं और नालियाँ बनाना हमारा काम नहीं। उन्हें मालूम होना चाहिए कि बनी हुई नालियों की सफाई का काम इन्हीं का है, इनके दरोगा का है। दूसरी और जनप्रतिनिधि होने के नाते मूलभूत सुविधाओं को कारगर करने का काम पार्षद रियाजुद्दीन का है। अपने कर्तव्यों का समुचित पालन जरूरी है अन्यथा क्षेत्रीय मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और साफ-सफाई व्यवस्थाओं में कोताही के लिए यही जनता आपके जमे पांव उखाड़ देगी।*

### ज़ोन 17 में 200 से ज्यादा कर्मचारी, लेकिन मात्र 15 कार्यरत, जारी है आधी तनख्वाह का खेल...

**अमन कॉलोनी**

वार्ड 78 की सबसे बड़ी कॉलोनी यहां शिया (ईरानी) समाज की बहुल्यता है। पिछले वर्ष यहां की दो गलियों में पार्षद रियाजुद्दीन द्वारा कंक्रीट सड़क बनवाई गई थी। आज उनकी स्थिति दयनीय के कारण रहवासी अपने खर्चे से दुरुस्त करा रहे हैं। मोहल्ले के हर रास्ते पानी से भरे हुए हैं। कचरा कई दिनों तक नहीं उठाया जाता।

**राजीव कॉलोनी**

प्रत्येक रहवासी त्रस्त। पार्षद को सालों से नहीं देखा। गंदगी, कचरा और कीचड़ का अंबार, सड़के उखड़ी हुई और बंद चौक नालियों से पानी रास्तों पर।

**जनता नगर, मुरली नगर**

सड़कों की रोज सफाई नहीं, जब सफाई होती है तो जगह-जगह लगे कचरा के ढेर कई दिनों तक नहीं उठाए जाते। सड़कें खराब हो गई हैं।

**संजय नगर, बिलाल कॉलोनी**

सड़क और नालियों की दयनीय स्थिति, पिछले वर्ष साफ सफाई का कार्य कराया गया था जो निगम की अनदेखी के कारण पुनः गंदगी का रूप ले चुका है।

# राज्य स्तरीय कुराश में सेमेरिटंस के खिलाड़ियों ने जीते पदक



**नर्मदापुरम।** दतिया में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर कुराश खेल प्रतियोगिता में समेरिटंस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 11 पदक जीतकर मध्यप्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा समूह में वंदिता राव स्वर्ण पदक, जिशा गुप्ता ने स्वर्ण पदक, आराध्या चंद्रवंशी स्वर्ण पदक, अर्नवी मिश्रा स्वर्ण पदक, पूर्वी यादव रजत पदक, लक्ष्य राठौर रजत पदक, तनिष्का यादव कांस्य पदक, नव्या सगवालिया ने कांस्य पदक, शांतनु कावड़कर कांस्य पदक अर्जित किया। कनिष्का चौरे , वैभव, शिवांश मालवीय ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेता जम्मू कश्मीर मे आयोजित राष्टीय कुराश खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे प्रशिक्षण कुमारी वैशाली तिवारी के नेतृत्व में खिलाड़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश के कुराश खेल सचिव एवं अंतर्राष्टीय 3 स्टार रेफरी राहुल व्यास, विद्यालय के संचालक डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सचिन खंपारिया , राजेंद्र रघुवंशी, विक्रांत खंपारिया कोच वैशाली तिवारी हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ी को शुभकामना दी।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने हर्षोल्लास से मनाया अपना स्थापना दिवस

**विद्यार्थियों ने शिक्षकों और संस्थान के प्रति व्यक्त की कृतज्ञता**









**नर्मदापुरम।** स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नर्मदापुरम ने सोमवार को अत्यंत उल्लास, गरिमा और भावनात्मक वातावरण के बीच विद्यालय स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया। यह दिन विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण परंपरा, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और शिक्षकों के योगदान को समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन पी.के. चटर्जी, डायरेक्टर्स डॉ. आशीष चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी, जूही चटर्जी, प्राचार्य मोना चटर्जी मंचासीन रहे। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य मोना चटर्जी ने विद्यालय की अब तक की गौरवशाली यात्रा, मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली तथा छात्रों की सर्वांगीण प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र और नेतृत्व का निर्माण करना है। इस अवसर पर जनरल मैनेजर सोनम सोखी,उपप्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया सहित अनेक सम्माननीय अतिथि उपस्थित रहे। डायरेक्टर डॉ.आशीष चटर्जी ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में छात्रों को सतत परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन का मूलमंत्र बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष और समर्पण ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रमिला कलम एवं छात्रों प्रणद कावरे तथा सेजल गुप्ता ने आत्मीयता और आत्मविश्वास के साथ किया। छात्रों ने विद्यालय की नौ वर्षों की प्रेरक यात्रा को साझा करते हुए शिक्षकों और प्रबंधन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में लोकनृत्य, नाट्यकला और गीत-संगीत की मनोहारी झलक ने सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से न केवल मनोरंजन किया, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अवंतिका संस्था द्वारा स्कूल को राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त होने पर प्राचार्य मोना चटर्जी को सम्मानित किया। साथ ही सांस्कृतिक प्रभारी प्रिया पटेल तथा शिक्षिका कुमारी आयुषी अग्रवाल को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समर्पण, रचनात्मकता और प्रेरणादायी शिक्षण कार्य के लिए दिया गया। समारोह के अंत में उपप्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया ने समस्त सम्माननीय अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन की प्रभारी सुश्री आयुषी अग्रवाल और स्वाति पवार ने विशेष योगदान दिया। स्प्रिंगडेल्स विद्यालय ने बीते नौ वर्षों में जो शैक्षणिक, नैतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं उन्होंने इसे एक आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में स्थापित किया है। आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों और विद्यालय की सफलता की कामना और स्कूल एंथम गायन के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना ने

**भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत दो कर्मचारियों के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति दी**



**नर्मदापुरम।** तहसील डोलरिया में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 नायब नाजिर अमित लौवंशी एवं भृत्य आशीष कहार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी तथा सक्षम प्राधिकारी सुश्री सोनिया मीना द्वारा अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो कि पूर्व में थाना डोलरिया में धारा 409 भादवि सहपठित धारा 13 (1) ए, 13(2) भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण जिसमे सहायक ग्रेड-3 नायब नाजिर अमित लौवंशी एवं भृत्य आशीष कहार के विरुद्ध शासकीय कार्य में गंभीर अनियमितताओं के लिए प्रकरण दर्ज किया गया था। उक्तशय में जांच के लिए गठित दल जिसमे जिला कोषालय अधिकारी नर्मदापुरम के नेतृत्व में जांच दल द्वारा जांच की गई एवं जांच में पाया गया कि आरोपीगणों ने शासकीय राशि 2 करोड़ 23 लाख 33 हजार 863 रुपये का कपटपूर्ण आहरण कर शासन को वित्तीय क्षति पहुंचाई। उक्त जांच के आधार पर धारा 409 भादवि इजाफा धारा 13 (1) ए, 13 (2) भ्रष्टाचार अधिनियम के अंतर्गत अपराध का संज्ञान सक्षम न्यायालय द्वारा लिये जाने हेतु मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल के निर्देशानुसार भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 19 (1) (ग) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना द्वारा अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# पहली पोस्टिंग में मिली बड़ी जिम्मेदारी नई ऊर्जा, नया जोश

## आठनेर बना महिला नेतृत्व का मजबूत केंद्र, पाँच सशक्त महिलाओं के हाथों विकास की बागडोर

**कमलाकर तायवाड़े बैतूल।** जिले की सक्रिय जनपद पंचायतों में शुमार आठनेर अब केवल योजनाओं और गतिविधियों के लिए नहीं, बल्कि महिला नेतृत्व की मिसाल के रूप में भी चर्चा में है। राज्य सेवा







परीक्षा से चयनित होकर पहली प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाने वाली सुश्री आस्था जैन ने सोमवार को जनपद पंचायत आठनेर के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया है। और यहीं से शुरू होती है एक नई कहानी – महिला नेतृत्व की, सशक्त प्रशासन की, और जनसेवा की नई दिशा की।आठनेर नगर इस समय प्रशासन और जनप्रतिनिधित्व के मंच पर पूरी तरह महिला शक्ति से संचालित हो रहा है। जहां तहसील कार्यालय की कमान श्रीमती कीर्ति डेहरिया संभाल रही हैं, तो सुरक्षा व्यवस्था की ज़िम्मेदारी थाने की प्रभारी श्रीमती बबीता धुर्वे के कंधों पर है। जनपद पंचायत में सुश्री आस्था जैन के आगमन से विकास योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन को एक नई गति मिल रही है। वहीं नगर परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप और जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोशनी इवने मिलकर स्थानीय राजनीति और जनभागीदारी को नई दिशा दे रही हैं।ऐसा बहुत कम होता है जब किसी एक नगर में प्रशासनिक, पुलिस, पंचायत और नगरीय संस्थाएं – सभी की कमान महिलाओं के हाथों में हो। आठनेर ने यह विशेष पहचान अब बना ली है। यहां की जनता अब महिला नेतृत्व के संयम, संवेदनशीलता और प्रभावशीलता को प्रत्यक्ष अनुभव कर रही है।सोमवार को जब सुश्री आस्था जैन ने अपना पदभार संभाला, तो जनपद पंचायत कार्यालय में स्वागत और सौजन्यता का उत्सव जैसा माहौल बन गया। पूर्व प्रभारी सीईओ देवेंद्र दीक्षित, एई संतोष डेहरिया, पंचायत निरीक्षक विजय प्रकाश नागले सहित जनपद के पूरे स्टाफ ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही स्थानीय पत्रकारों ने भी उनका आत्मीय स्वागत करते हुए, जनहित के मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा की। इस दौरान पत्रकारों में विनोद गायकवाड़, मुकेश सोनी, ऋषभ अवस्थी, बैतूल जिला ब्यूरो प्रमुख कमलाकर तायवाड़े और सुभाष कासडेकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।आठनेर जैसे जनजातीय और ग्रामीण परिवेश वाले क्षेत्र में यह बदलाव केवल पदों का नहीं, बल्कि दृष्टिकोण का है। महिला अधिकारी और जनप्रतिनिधि न केवल योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में सजग हैं, बल्कि उनकी उपस्थिति ने कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, संवेदना और नई ऊर्जा का संचार किया है।सुश्री आस्था जैन के आने के साथ अब ऐसा महसूस हो रहा है कि आठनेर की हर योजना, हर गली, हर मोहल्ला अब नारीशक्ति की निगरानी में है – जहां विकास की रफ्तार भी होगी और मानवीय दृष्टिकोण भी। एक ओर सुरक्षा की जिम्मेदारी बबीता धुर्वे जैसे अनुभवी अधिकारी के हाथों में है, तो दूसरी ओर प्रशासनिक निर्णयों में कीर्ति डेहरिया जैसी सशक्त तहसीलदार का अनुभव झलकता है। वहीं निर्वाचित प्रतिनिधि सुषमा जगताप और रोशनी इवने हर जनसुनवाई में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं।बैतूल जिले का आठनेर अब 'नारी शक्ति' की असली पहचान बनता जा रहा है – जहां प्रशासन से लेकर राजनीति तक, हर मोर्चे पर महिलाएं निर्णायक भूमिका में हैं और अपने काम से यह साबित भी कर रही हैं कि जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों में वे किसी से कम नहीं।

# बिछुआ पंचायत में मनरेगा योजना का सामाजिक अंकेक्षण संपन्न

## विशेष ग्राम सभा में उठे सवाल-जवाब 09 से 12 जुलाई तक चला प्रशिक्षण, दस्तावेजी और भौतिक सत्यापन भी हुआ

**कमलाकर तायवाड़े बैतूल।** जिले के आमला ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिछुआ में 09 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक











महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 का सामाजिक अंकेक्षण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान ग्राम समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (जीएसएस) के सदस्यों, नोडल अधिकारी, और कार्यवाही लेखक को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।सामाजिक अंकेक्षण के अंतर्गत वीएसए टीम द्वारा संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई और योजना से जुड़े कार्यों का भौतिक तथा मौखिक सत्यापन ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। यह प्रक्रिया पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई, जिससे यह देखा जा सके कि सरकारी धन का उपयोग योजनानुसार हुआ या नहीं।

**12 जुलाई को हुई विशेष ग्राम सभा, ग्रामीणों ने रखी अपनी बात**

सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया के अंतिम दिन 12 जुलाई 2025 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत बिछुआ में किया गया। इस सभा में पंचायत सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, इंजीनियर, ग्राम सभा अध्यक्ष, वीएसए टीम, जीएसएस समिति के सदस्य, और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।सभा के दौरान वीएसए टीम ने अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किए, जिनमें योजना से संबंधित खर्च, कार्य की गुणवत्ता, मजदूरी भुगतान, और संसाधनों के उपयोग को लेकर आंकड़े और तथ्य साझा किए गए। वहीं, ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी बात रखी, और योजना से संबंधित शिकायतें व सुझाव सामने लाए।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को सरकारी योजनाओं की निगरानी में भागीदार बनाना और शासन की पारदर्शिता को जमीनी स्तर तक लाना रहा। सामाजिक अंकेक्षण जैसी प्रक्रिया से ग्रामीणों को यह अधिकार मिलता है कि वे सरकारी कार्यों पर प्रश्न उठा सकें और जवाब मांग सकें।ग्राम पंचायत बिछुआ में संपन्न यह सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण सहभागिता का सशक्त उदाहरण बना, जो अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हो सकता है।

# बिरोदा बनेगा पोलीथीन मुक्त नंबर वन को लेकर ग्राम पंचायत का प्रयास जारी, हाट बाजार में निरीक्षण के दौरान सब्जी विक्रेताओ से बडी मात्रा मे पोलीथीन जप्त कर की चालानी कार्रवाई

**गांव मे स्वच्छता बनाए रखने एवं पोलीथीन का उपयोग न करने को लेकर ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने की ग्रामीणों से अपील**

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर।** जिले के ग्राम बिरोदा मे स्वच्छता ओर सिंगल यूज प्लास्टिक,पोलीथीन मुक्त बिरोदा को नंबर वन बनाने के लिए करीब एक सप्ताह से अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे ग्राम पंचायत के सरपंच,उपसरपंच,सचिव एवं पंच द्वारा गांव में रोजाना भ्रमण किया जा रहा है और ग्रामवासियों को गांव मे स्वच्छ एवं प्लास्टिक पोलीथीन मुक्त अभियान में नंबर बनाने के लिए अपील कि जा रही है। साथ ही नियमों का पालन न करने व समझाइश के बाद भी पोलीथीन प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाते हैं तो चालानी कार्रवाई भी कि जा रही है।



**पंचायत कर्मचारी, पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान हाट बाजार में दस से अधिक व्यापारीयों से बडी मात्रा में पोलीथीन जप्त कर की चालानी कार्रवाई**

सोमवार को भी गांव मे लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में ग्राम पंचायत के कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण किया गया जहा कई दुकानों पर पोलीथीन का उपयोग करते हुए व्यापारी नजर आए तभी कर्मचारियों द्वारा सिंगल युज प्लास्टिक, पोलीथीन का उपयोग न करने को लेकर सब्जी विक्रेताओं को समझाइश दी ओर जुर्माना न करते हुए उनके पास से पोलीथीन जप्त कर अगले सप्ताह से बाजार में आने वाले सभी दुकानदारों को पोलीथीन का उपयोग न करने को लेकर अपील की ओर कहा कि इसके बाद भी आपके द्वारा पोलीथीन का उपयोग करते हुए पाएं जाते हैं तो पाच हजार तक का जुर्माना वसूला जाएगा। ग्राम पंचायत के कर्मचारी पदाधिकारियों द्वारा गांव को स्वच्छ सुंदर प्लास्टिक पोलीथीन मुक्त बिरोदा को नंबर वन बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं तो वही गांव मे हर गली-मोहल्लो एवं चौराहों पर भी स्वच्छता कचरा गाडी को घुमाया जा रहा तो वही गांव में बैनर पोस्टर ओर दिवारो पर आकर्षक लिखे स्लोगन के माध्यम से दुकानदारों एवं ग्राम वासियों को स्वच्छता बनाए रखने एवं पोलीथीन का उपयोग बंद करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

# 161 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित,बीपी, शुगर सहित अन्य जांचे हुई

**नर्मदापुरम।** जनसमुदाय को उनके निवास के निकट स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के उदेश्य से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (शहरी एवं ग्रामीण), एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के रूप में विकसित किया गया है। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत ने बताया कि जिनके माध्यम से हितग्राहियों को समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराई जा रही है।14 जुलाई सोमवार को जिले के इन आयुष्मान अरोग्य मंदिरों पर आयुष्मान आरोग्य शिविरो का आयोजन हुआ है। इन शिविरो के माध्यम से समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इन शिविरो में विभिन्न



रोगो की जांच, उपचार एवं आश्यकता पड़ने पर अन्य संस्थाओ में रेफरल की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें ब्लड प्रेशर की जांच, ब्लड शुगर की जांच, गर्भवती महिलाओ की जांच, शिशुओं, किशोरियों, वृद्धजनों की जांच, जिनमें दस्त रोग, निमोनिया, नेत्र विकार, मुख/दंत विकारो की जांच, मानसिक स्वास्थ्य, नाक कान गले के विकारो की जांच, क्षय रोग की जांच तथा अन्य पैथोलॉजिकल जांचे, उपचार तथा आवश्यकतानुसार रेफरल की सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसके साथ ही इन शिविरों में परिवार कल्याण, से संबंधित सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम जिले में अब तक लगभग 161 आयुष्मान आरोग्य मंदिर विकसित किये जा चुके है, जिनमें 143 उपस्वास्थ्य केन्द्र,14 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तथा 4 शहरी स्वास्थ्य संस्थाये शामिल है। पूर्व में जहां नागरिकों को ब्लड प्रेशर तथा ब्लड शुगर जैसी जांचो के लिए भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला अस्पताल तक जाना पड़ता था। वही अब यह सुविधाएं नागरिको के 5 से 30 मिनट की दूरी पर उपलब्ध है।आज जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविरों में लगभग 2900 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते - सीईओ श्री जैन

## लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने अधिकारियों को दिए निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित

**कमलाकर तायवाड़े बैतूल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं, समसामयिक मुद्दों की गहन समीक्षा की। सीईओ श्री जैन ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं में निर्धारित समयावधि में प्रगति सुनिश्चित करें और शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीईओ श्री जैन ने कहा कि जिले में यूरिया की आपूर्ति एवं वितरण को लेकर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसको लेकर किसी भी प्रकार का चक्का जाम, प्रदर्शन अथवा जन-अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करें एवं संभावित परिस्थितियों की समीक्षा करें। ब्लॉक कृषि अधिकारी संबंधित एसडीएम को प्रतिदिन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें, जिससे प्रशासन को वस्तुस्थिति की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके। किसी भी प्रकार की शिकायत या अव्यवस्था की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



**सभी अधिकारी फील्ड वर्क पर जाए, जनता से करें संवाद**

सीईओ श्री जैन ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश सभी विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण पर भी सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी फील्ड वर्क पर जाए और जनता से संवाद कर शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कोई भी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते। उन्होंने जल संसाधन, उद्यानिकी विभाग, पीडब्ल्यूडी, श्रम, राजस्व, ट्राइबल, वन विभाग, पीएचई विभाग के शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीईओ श्री जैन ने समग्र ईकेवाईसी की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रत्येक निकाय और जनपद को लक्ष्य के विरुद्ध ई केवाईसी कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में देहदान, अंगदान करने वालों की जानकारी एकत्रित किए जाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान सीईओ श्री जैन ने जिले में हर घर नल से जल में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन ने सभी जिला अधिकारियों एवं डीडीओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों में कार्यरत रेगुलर एवं नॉन रेगुलर कर्मचारियों की समग्र आईडी से लिंकिंग सुनिश्चित करें।

# विधायक कमलेश शाह के नेतृत्व में धार्मिक, सामाजिक सहयोग जारी

## सावन माह में अमरवाडा नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा भजन सामग्री वितरित



**हर्रई अमरवाड़ा दैनिक अखबार खबरो की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ प्रियंक सोनी के साथ शरद सेन की रिपोर्ट।** अमरवाडा पवित्र सावन माह में भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि सामाजिक सरोकार के साथ धार्मिक संगठनो को सहयोग मे लगातार जुटे हैं। प्रत्येक धर्म के धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर संगठनो का उत्साहवर्धन जारी है। विधायक राजा कमलेश शाह के नेतृत्व में अमरवाड़ा नगरपालिका क्षेत्र के ग्यारह् भजन मंडलों को भजन सामग्री का वितरण विगत दिवस नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा किया गया। सावन के पवित्र माह में महिला रामायण मण्डलो को ढोलक, मंजीरा, खड़ताल और दरी प्रदान की गयी। नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा वार्ड पार्षदों के साथ मंदिरों मे जाकर जस, भजन और अखण्ड रामायण पाठ हेतु - राधाकृष्ण महिला मंडल वार्ड क्रमांक 10, शिक्षक कॉलोनी महिला मंडल वार्ड क्रमांक 14, राधा महिला मंडल वार्ड क्रमांक 12, जय महाकाल महिला मंडल वार्ड क्रमांक 4, गुलाबरा महिला मंडल वार्ड क्रमांक 9, नटनी माई महिला मंडल वार्ड क्रमांक 12, आदिशक्ति महिला मंडल वार्ड क्रमांक 15, मातेश्वरी मंदिर महिला मंडल वार्ड क्रमांक 13, महिला जस समिति वार्ड क्रमांक 13 सहित 11 मण्डलो को सामग्री वितरित की गयी। इस अवसर पर सभापति एवम पार्षद श्रीमती कल्पना साहू, श्रीमती संजु सूर्यवँशी, श्रीमती सुरक्षा जैन, श्रीमती नीतू पटेल एवम भजन मण्डल की सदस्य उपस्थित रही। सभी भजन मण्डल सदस्यों द्वारा विधायक राजा कमलेश शाह, का आभार व्यक्त किया गया अमरवाड़ा विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा का कहना है कि हमेशा अमरवाड़ा विधानसभा के विधायक लोगों की मदद करते आए हुए हैं और रामायण मंडल सामग्री और मंदिर निर्माण के लिए भी हमेशा सहयोग करते आ रहे हैं और हमेशा करते रहते हैं चाहे वह पद में रहे या ना रहे पहले भी उन्होंने हमेशा लोगों की उनकी परंपरा रही है राजघराने परिवार की लोगों की सुख-दुख में लोगों की मदद करते आ रहे हैं।

# विधायक प्रतिनिधि ने किया मनोहर चाय की ब्रांच का शुभारंभ



**हर्रई अमरवाड़ा दैनिक अखबार खबरो की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ प्रियंक सोनी के साथ शरद सेन की रिपोर्ट अमरवाड़ा।** सोमवार को नगर की सुप्रसिद्ध मनोहर चाय की ब्रांच का वन विभाग कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मनोहर चाय के संचालक हर्षित साहू द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं पूर्व की तरह अच्छी सेवाएं देते रहने का वचन दिया। इसी दौरान अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने दूरभाष पर मनोहर चाय के संचालक को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ।छ्स्न्ष्ट बैंक प्रबंधक नितिन राउत,राम किशोर साहू,दुर्गेश गोलू साहू,संतोष नेमा,अशोक वर्मा,पंडित सुंदरलाल अवस्थी,देवकरण साहू,राधेश्याम वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं ने किया सड़क जाम

**खबरों की रौशनी ब्यूरो बालाघाट।** नगर मुख्यालय के समीप स्थित गांव कुम्हारी में पिछले कई दिनों से बिजली की समस्या है। यही नहीं जिस क्षेत्र में बिजली रहती है तो वहां लो वोल्टेज की गम्भीर समस्या बनी हुई है।द बिजली विभाग के इस रवैये से नाराज उपभोक्ताओं ने आक्रोशित हो कर आज चक्का जाम कर प्रदर्शन किया।



**तहसीलदार मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को समझाइस दी**

ग्रामीणों की मांग 100 वाट की जगह 200 वाट से अधिक का ट्रांसफार्मर लगाया जाए । बताया जा रहा है कि अभी जो ट्रांसफॉर्म है वह वर्ष 2008 के पहले का है अनियमित बिजली आपूर्ति व लो वोल्टेज से परेशान ग्रामीणों ने घंटों सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में कुम्हारी पंचायत के सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। घंटो तक सड़क जाम रहा। इस दौरान यातायात पुरी तरह अवरुद्ध रहा। जिससे आने जाने वालों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। बाद में बालाघाट पुलिस और पंचायत के मुखिया व प्रतिनिधि द्वारा आक्रोशितों को शांत कराया और जाम तुड़वाया। सड़क जाम करने वालों में गांव के उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इतना ही नहीं लोगों ने कहा कि इधर का बिजली काट कर उधर और उधर का बिजली काट कर इधर करने का कार्य लंबे समय से चलता रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप था कि बिजली विभाग के अभियंता और कर्मी की मिलीभगत से जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि बिजली की स्थिति इतनी खराब है कि पंखा हिलता भी नहीं है। जाम इतना लंबा हो गया कि सैकड़ों वाहन सड़क पर खड़े रहे। घंटों पुलिस को जाम खुलवाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। बाद में पंचायत मुखिया प्रतिनिधि एवं स्थानीय पुलिस के समझाने पर आक्रोशित लोगों ने जाम तोड़ा।

# विश्व आदिवासी दिवस को लेकर जिला कोर कमेटी की हुई बैठक, जिला मुख्यालय अलीराजपुर में होगा मुख्य कार्यक्रम

## आयोजन समिति का हुआ गठन, बहदुर सिंह रावत बने आयोजन समिति के अध्यक्ष

**मुस्तकीम मुगल खबरों की रोशनी अलीराजपुर।** विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त 2025 के कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन सहयोग गार्डन अलीराजपुर में किया गया।सर्वसहमति से इस वर्ष का जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस का मुख्य कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक एकता महारेली का आयोजन जिला मुख्यालय अलीराजपुर में किये जाने का प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया हैं। कार्यक्रम को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए विशेष रूप से आदिवासी गायक कलाकारों एवं क्षेत्रीय सांस्कृतिक नृत्य दलों को आमंत्रित कर प्रस्तुतियां दी जायेगी एवं साथ ही वरिष्ठ एवं बुद्धिजीवी सामाजिक वक्ताओं के द्वारा आदिम संस्कृति संरक्षण, शिक्षा,पर्यावरण संरक्षण, समाज हित एवं समाज उत्थान के साथ ही जल - जंगल - जमीन एवं संवेधानिक हक़ तथा अधिकारों से संबंधित विषयों पर उदबोधन देकर समाज को दिशा और दशा देने हेतु आम सभा का आयोजन किया जाकर सांस्कृतिक एकता महारैली बड़े धूमधाम से परम्परागत वाद्य यंत्रो के साथ शहर में निकालने का निर्णय आदिवासी समाज जिला कोर कमेटी के द्वारा लिया गया हैं साथ ही जिले की संस्कृति के अनुरूप समाज जन वेशभषा,वाद्य यंत्रो के साथ ही नाचते गाते रैली के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति का हुआ गठन, बहदुर सिंह रावत होंगे आयोजन कमेटी के अध्यक्ष



1) श्री बाहदूर सिंह रावत - अध्यक्ष
2) श्री भुरू मंडलोई- कार्यकारी अध्यक्ष
3) श्री वीरेंद्र सिंह बघेल जोबट- उपाध्यक्ष
4) श्री विक्रमसिंह बामानिया चांदपुर कट्ठीवाड़ा- उपाध्यक्ष
5) श्री सावन सोलंकी अलीराजपुर - उपाध्यक्ष
6) श्री लालू सस्तिया सोंडवा उपाध्यक्ष
7) श्री अश्विन चोगाड़ फूलमाल - उपाध्यक्ष
8) श्री गजेंद्रसिंह कनेश- कोषाध्यक्ष
9) श्री अजमेर भिंडे - सहकोषाध्यक्ष

इसके आलावा आगामी दिनों में विभिन्न उपसमितियों का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया हैं।इस अवसर पर जिला कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य भीमसिंह मसानिया,रतनसिंह रावत,भंगुसिंह तोमर, नितेश अलावा,मुकेश रावत,केरम जमरा,अरविन्द कनेश,रमेश डावर, कैलास डावर, मगनसिंह मौर्य,नवसिंह बघेल , भुवनसिह भाबर, निरपाल बघेल, सालम सोलंकी , नानसिंह चौहान , मेहताब बघेल , भीलसिंह बघेल , सावन सोलंकी, दिशांत गडरिया, गेंदूसिंह चोंगड, राजेंद्रसिंह सोलंकी, संतोष रावत,भूरू मंडलोई,अंगरसिंह चौहान,सुरेश डुडवे सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने अपनी समस्या को लेकर सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

**मुस्तकीम मुगल खबरों की रोशनी अलीराजपुर।** ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सोमवार को समाधि स्थल पर एकत्रित होकर रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे। जहाँ कलेक्टर को ज्ञापन देकर अपनी समस्या बताई। ज्ञापन में बताया कि ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनें 1975 से महिला बाल विकास विभाग में अपनी निरंतर सेवाएं दे रहे हैं मात्र मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने कुपोषण दूर करने , महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने, बच्चों को अनोपचारिक शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। इसी के साथ ही महिला बाल विकास विभाग और अन्य विभागों के वह सभी कार्य हमसे करायें जा रहे है। दिन प्रतिदिन हमारी बहनों पर कार्य का बोझ बढ़ता जा रहा है। नये नये ऐप बना कर हमारे ऊपर विभागीय निगरानी का भी कार्य किया जा रहा है। बढ़ते आंनलाइन कार्य के कारण क्षेत्र में कार्य की गुणवत्ता सुधारने के बजाय और बीगड़ रही है। हमारे द्वारा कार्य तो दोगुना किया जा रहा है पर टेक्नोलॉजी के सही उपयोग न होने के कारण हमारी प्रस्तुति दिन व दिन खराब हो रही है। इन कार्यों में सुधार कर समस्या का निराकरण करने की कृपा करें। निम्न बिंदुओं पर ज्ञापन सोपा 1- देश में महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत सभी ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को एक नीति बनाकर सभी राज्यों में नियमित करते हुये उनका वर्ग निर्धारित किया जाये। 2 - महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत सभी ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बहनों को एक न्यूनतम पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि वह सेवा निवृत्त होने के वाद किसी के सहारे न रहे और अपना जीवनयापन कर सकें। 3- ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता जो कि कम से कम 10 बर्ष का अनुभव रखती है और पर्यवेक्षक हेतु सभी अहर्ताएं पूर्ण करती है उनको आयु सीमा का वंधन हटाते हुये पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति दी जाये और यह प्रक्रिया प्रतिवर्ष की जाये परीक्षा नहीं कराई जाये।सभी विभागों की तरह विभागीय पदोन्नति ही की जाये। 4- ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को विभाग के कार्यों के अतिरिक्त किसी भी कार्य में न लगाया जाए और इसका कड़ाई से पालन करायें जाने पर ध्यान दिया जाये क्योंकि अन्य कार्यों में संलग्न होने के कारण ही हमारी विभागीय सेवाएं प्रभावित होती है।खासतौर पर भी.एल.ओ.का कार्य नहीं दिया जाये।



# जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट ने कलेक्टर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर।** भारत में बढ़ती जनसंख्या और जनसांख्यिकीय असंतुलन को राष्ट्रीय संकट मानते हुए राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट (जनसंख्या समाधान फाउंडेशन) के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष आयुष भावसार ने बताया कि यह ज्ञापन भारत में तेजी से बढ़ती जनसंख्या, उससे उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरणीय संकट और जनसंख्यिकीय असंतुलन को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या नियंत्रण कानून को अविलंब लागू करने की मांग के समर्थन में सौंपा गया है। जिला संयोजक आशा तिवारी ने कहा कि भारत ने आज़ादी के बाद विज्ञान,तकनीक,स्वास्थ्य,कृषि और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है,लेकिन निरंतर बढ़ती जनसंख्या के कारण यह समग्र विकास प्रभावहीन होता जा रहा है। मात्र 2.4त्न भू-भाग पर विश्व की 17.8त्न से अधिक आबादी का बोझ भारत को संसाधनों की गंभीर किल्लत, बेरोज़गारी,गरीबी और सामाजिक तनाव की ओर धकेल रहा है।प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री द्वारा वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पारित कराने और आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिन्दूर जैसे साहसिक निर्णयों की सराहना करते हुए आशा जताई कि जनसंख्या नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी शीघ्र ठोस कदम उठाया जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि विगत 12 वर्षों से राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट देशभर में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जनजागरण अभियान चला रहा है। अब समय आ गया है कि देश के व्यापक हित में एक सख्त,प्रभावी और सर्वसमावेशी जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाए। जिससे भारत का भविष्य संतुलित और सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर समाजसेवी एवं मजदूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियाक सिंह,कंचन चौकसे,भूपेंद्र मगरे,शुभम राजपुर,भावेश जावदे,कार्तिक सहित अनेक कार्यकर्ता और समाजजन उपस्थित रहे।



# सिरोंज में आधार सेवा में क्रांति एसडीएम के नवाचार से मिनटों में समाधान, नागरिकों में उत्साह

## एसडीएम के नवाचार से आधार सेवा में क्रांति मिनटों में समाधान, नागरिकों में उत्साह

**सिरोंज (विदिशा) संवाददाता निज़ाम खान सिरोंज।** एसडीएम हर्षल चौधरी के प्रयासों से नगर में आधार सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। हाल ही में नगर में सात नए आधार केंद्र खोले गए हैं, जिससे आम नागरिकों को अपने आधार कार्ड में संशोधन के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा है। विशेष रूप से तहसील परिसर स्थित बीआरसी भवन में संचालित आधार केंद्र पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों को बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं में खुशी और संतोष का माहौल है।




**नागरिकों की प्रतिक्रिया**

जब मीडिया ने आधार केंद्र पर आए नागरिकों से चर्चा की, तो उन्होंने बताया कि पहले उन्हें दिनभर लाइन में खड़े रहने के बावजूद कार्य नहीं हो पाता था। लेकिन अब कुछ ही मिनटों में उनका आधार संबंधित कार्य संपन्न हो रहा है। ग्राम कमरिया निवासी कमलेश कुशवाह ने बताया, पहले के मुकाबले आधार केंद्रों की संख्या बढ़ने से अब हमें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। एक माह पूर्व मैं अपने पुत्र के आधार में संशोधन के लिए सुबह टोकन लेकर आया था, लेकिन देर शाम तक भी काम नहीं हो पाया। आज जैसे ही तहसील परिसर स्थित बीआरसी भवन में संचालित केंद्र पर आया, तो कुछ ही मिनटों में संशोधन हो गया। साथ ही बैठने की व्यवस्था भी बेहतर मिली।

**बेहतर सुविधाओं की दिशा में ठोस कदम**

एसडीएम हर्षल चौधरी की सतत निगरानी में संचालित आधार केंद्रों पर अब नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने की प्रक्रिया में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। एसडीएम ने जानकारी दी कि शहरी क्षेत्र में आधे दर्जन से अधिक नए आधार केंद्र खोले गए हैं। उनका उद्देश्य आधार संबंधी कार्यों में सुधार लाना और नागरिकों को सुलभ एवं त्वरित सेवाएं देना है। उन्होंने बताया कि जिन विभागों ने एनओसी जारी की है, उनका समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। संबंधित अधिकारी भी केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित कर रहे हैं।

**निरीक्षण और प्रगति**

सोमवार को सहायक खाद्य अधिकारी अंसार नकवी ने तहसील परिसर स्थित बीआरसी भवन में संचालित आधार केंद्र का निरीक्षण किया और वहां मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आधार केंद्रों पर सुविधाएं मिलने से प्रक्रिया में तेजी आएगी और नागरिकों को कम समय में कार्य करवाने में मदद मिलेगी।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिला स्तरीय नशा उन्मूलन जन-जागरूकता अभियान

**मुस्तकीम मुगल खबरों की रोशनी अलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने बताया कि पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा प्रदेशभर में 15 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक नशे से दूरी है जरूरी विषय पर एक सघन जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान युवाओं को नशे की गिरफ्त से दूर रखने, समाज को सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाने तथा मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से सचेत करने हेतु चलाया जा रहा है। अभियान में समस्त जिलों की पुलिस इकाइयाँ, अन्य विभागों एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। अभियान की भूमिका एवं उद्देश्यप्रदेश में नशीले पदार्थों का सेवन एक गम्भीर सामाजिक समस्या के रूप में उभर रहा है, जिससे युवाओं के जीवन, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा सामाजिक संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस समस्या से निपटने और नशे की मांग को कम करने हेतु यह अभियान आवश्यक है।




# नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में निःशुल्क ओपीडी शिविर आयोजित, 60 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर।** भारी उद्योग मंत्रालय,भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में हृदय रोग से संबंधित निःशुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नेपा लिमिटेड केअध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के नेतृत्व में तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल के चिकित्सकीय मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर लोकेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा कर्मचारियों, अधिकारियों,उनके आश्रितों तथा नगर के नागरिकों को परामर्श दिया गया। शिविर में रक्तचाप,मधुमेह,हृदय संबंधी जांच,ईसीजी सहित अन्य परीक्षण किए गए। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया कि कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर ऐसे सेवा मूलक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि शिविर में कुल 60 से अधिक मरीजों ने बीपी,शुगर,ईसीजी तथा अन्य स्वास्थ्य जांचों एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया।शिविर के सफल संचालन में सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर यशवंत पाटिल,डॉक्टर राजश्री मोरे,डॉक्टर फ़राज़ मशरूवाला,डॉक्टर अदनान शेख,स्टाफ नर्स हैरिसन भंडारे,मेट्रन रेमो फ्रांसिस,ड्रेसर नारायण पारवे,फार्मासिस्ट प्रमोद पाटिल,कैलाश वर्मा,मोहिंदर यादव,अनुराग मेहता,नयन ढगे,दिलीप चौहान,सीमा वास्कले,रौनक शेख सहित समस्त चिकित्सकीय स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।



दैनिक खबरों की रोशनी

भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025

# इंटरनेट की दुनिया में जापान की लंबी छलांग

इंटरनेट की स्पीड की बात करते हैं, तो भारत में 100 एमबीपीएस या अधिकतम 1 गीगाबाइट पर सेकंड को सबसे तेज स्पीड मान लिया जाता है। जापान ने इस पैमाने को ध्वस्त कर दिया है। जापान ने हाल ही में 1 पेटाबाइट प्रति सेकंड की स्पीड से डेटा ट्रांसफर करने की एक ऐसी तकनीकी क्रांति को जन्म दिया है जो ना केवल अभूतपूर्व है बल्कि विज्ञान और शोध के क्षेत्र में एक चमत्कारिक घटना के रूप में देखी जा रही है। जापान की इस सफलता से इंटरनेट की दुनिया में एक नया कीर्तिमान बनने जा रहा है, जो सोच से भी ज्यादा है। यह उपलब्धि जापान के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और कई अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के साथ मिलकर हासिल की है। पारंपरिक ऑप्टिकल फाइबर में एक की जगह 19 कोर का प्रयोग करके 10,800 किलोमीटर की दूरी तक इंटरनेट के माध्यम से डेटा ट्रांसफर करके यह कीर्तिमान स्थापित किया गया है। नेटफ्लिक्स लाइब्रेरी, विकिपीडिया के करोड़ों पेज या 8के के वीडियो डेटा को एक सेकंड से भी कम समय में डाउनलोड किया जा सकता है। यह स्पीड, भारत की औसत इंटरनेट स्पीड से 1 करोड़ 60 लाख गुना ज्यादा है। अमेरिका से 35 लाख गुना तेज है। इसकी कल्पना मानव समाज ने अभी नहीं की थी। जो जापान ने करके बता दिया है। यह तकनीक की चरम सीमा है। वैश्विक स्तर पर इस उपलब्धि का प्रभाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, मेडिकल साइंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, अंतरिक्ष अनुसंधान एआई तकनिकी जैसे क्षेत्र अब सभी सीमाओं से मुक्त हो जाएंगे। रीयल टाइम क्लाउड प्रोसेसिंग, होलोग्राफिक कम्युनिकेशन और ब्रेन-मशीन इंटरफेस जैसे भविष्य के अवसर वर्तमान के दरवाजे पर खड़े दिख रहे हैं।

मानव मस्तिष्क की सोच से भी कई गुना तेज गति से अब सिग्नल प्राप्त किए जा सकते हैं। कोड किए जा सकते हैं, डिकोड किए जा सकते हैं। जापान की इस सफलता ने डिजिटल दुनिया में एक नई क्रांति को जन्म दिया है। इस स्पीड के पीछे कई तरह की चुनौतियां हैं। अभी तक जो शोध और नवाचार हो रहे थे। जापान ने दिखा दिया है, तकनीक में कोई




शॉर्टकट अथवा संपूर्णता नहीं होती है। जापान ने डिजिटल तकनीकी को लेकर सारी दुनिया के देशों को और वैज्ञानिकों को एक नई चुनौती दी है। कुछ महीने पहले चीन ने 10 जी की इंटरनेट सेवा का सफल परीक्षण किया था, तब इसे बहुत बड़ी सफलता माना जा रहा था, लेकिन जापान ने चीन से कई गुना अधिक सफलता अर्जित कर इंटरनेट की दुनियां में चीन को पछाड़ दिया है। जापान के इस मॉडल से कल्पनाओं का लोक बहुत बड़ा हो गया है। अभी बहुत कुछ सीखने की चुनौती सामने आ गई है। इंटरनेट की यह स्पीड मानव क्षमता की पराकाष्ठा है।

# टैरिफ युद्ध अमेरिका पर ही भारी पड़ सकता है

अमेरिका में श्री डानल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही दुनिया के लगभग समस्त देशों के साथ ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ युद्ध की घोषणा कर दी गई है। अमेरिका में विभिन्न देशों से होने वाले आयात पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर एवं टैरिफ की दरों में बार बार परिवर्तन कर तथा इन टैरिफ की दरों को लागू करने की तिथि में परिवर्तन कर ट्रम्प प्रशासन टैरिफ युद्ध को किस दिशा में ले जाना चाह रहा है, इस सम्बंध में अब स्पष्टता का पूर्णतः अभाव दिखाई देने लगा है। अब तो विभिन्न देशों को ऐसा आभास होने लगा है कि अमेरिकी प्रशासन विभिन्न देशों पर टैरिफ की दरों के माध्यम से अपना दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है ताकि ये देश अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अमेरिकी शर्तों पर शीघ्रता के साथ सम्पन्न करें। श्री ट्रम्प द्वारा कई बार यह घोषणा की गई है कि भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता शीघ्र ही सम्पन्न किया जा रहा है। अमेरिका एवं भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से भारतीय प्रतिनिधि मंडल अमेरिका में गया था तथा निर्धारित समय सीमा से अधिक समय तक वहां रहा एवं ऐसा कहा जा रहा है कि द्विपक्षीय समझौते के अंतिम रूप को अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है परंतु अभी तक अमेरिका द्वारा अमेरिका एवं भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा नहीं की जा रही है। हालांकि, इस बीच अमेरिका द्वारा कई देशों के विरुद्ध टैरिफ की दरों को बढ़ा दिया गया है। विशेष रूप से जापान एवं दक्षिणी कोरिया से अमेरिका को आयात होने वाली वस्तुओं पर 1 अगस्त 2025 से 25 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाया जाएगा। इसी प्रकार, 12 अन्य देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर भी टैरिफ की बढ़ी हुई नई दरें लागू किये जाने का प्रस्ताव किया गया है। इस सम्बंध में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इन 14 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पत्र भी लिखा है। इस सूची में भारत का नाम शामिल नहीं है।





प्रहलाद सबनानी

पूर्व में अमेरिका द्वारा चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ की घोषणा की गई थी। चीन ने भी अमेरिका से होने वाली आयातित वस्तुओं पर लगभग उसी दर पर टैरिफ लागू करने की घोषणा कर दी थी। साथ ही, चीन ने विभिन्न देशों को दुर्लभ खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल) के निर्यात पर रोक लगा दी थी। अमेरिका में चीन के इस निर्णय का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा था। जिसके दबाव में अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार समझौता करते हुए चीन से आयात होने वाली विभिन्न वस्तुओं पर टैरिफ की दरों को तुरंत कम कर दिया। अमेरिका द्वारा इसी प्रकार का एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता ब्रिटेन के साथ भी सम्पन्न किया जा चुका है। पूर्व में, ट्रम्प प्रशासन ने 90 दिवस की अवधि में 90 देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने की बात कही थी तथा 90 दिवस की समयावधि 9 जुलाई को समाप्त होने के पश्चात भी केवल दो देशों ब्रिटेन एवं चीन के साथ ही द्विपक्षीय व्यापार समझौता सम्पन्न हो सका है। भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा चुका है परंतु इसकी अभी तक घोषणा नहीं की गई है। द्विपक्षीय समझौते के लिए शेष देशों पर दबाव बनाने की दृष्टि से ही इन देशों से अमेरिका को होने वाले आयात पर टैरिफ की दरों को एक बार पुनः बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है और इन बढ़ी हुई दरों को 1 अगस्त 2025 से लागू करने की योजना बनाई गई है।

वैश्विक स्तर पर अमेरिका द्वारा छेड़े गए इस टैरिफ युद्ध से निपटने के लिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने वैश्विक मंच पर न तो अमेरिका के टैरिफ की दरों में वृद्धि सम्बंधी निर्णयों की आलोचना की है और न ही भारत में अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है। बल्कि, भारत ने तो अमेरिका से आयात होने वाली कुछ विशेष वस्तुओं पर टैरिफ को कम कर दिया है। दरअसल, भारत इस समय विकास के उस चक्र में पहुंच गया है जहां पर भारत को अपना पूरा ध्यान आर्थिक क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। भारत को यदि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करना है तो आगे आने वाले लगभग 20 वर्षों तक लगातार लगभग 8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को बनाए रखना अति आवश्यक है। इसलिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत अपने आर्थिक विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के रूस के साथ भी अच्छे सम्बंध हैं तो अमेरिका से भी अपने सम्बन्धों को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रयत्नशील है। भारत के इजराईल के साथ भी अच्छे सम्बंध हैं तो ईरान के साथ भी भारत के व्यापारिक सम्बंध हैं। रूस एवं यूक्रेन युद्ध के बीच भी भारत ने दोनों देशों के साथ अपना संतुलित व्यवहार बनाए रखा है। इसी कड़ी में, चीन के साथ भी आवश्यकता अनुसार बातचीत का दौर जारी रखा जा रहा है, बावजूद इसके कि कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत के विरुद्ध कार्य करता हुआ दिखाई देता है। अभी हाल ही में चीन ने भारत को दुर्लभ खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल) की आपूर्ति पूर्णतः रोक दी है। साथ ही, मानसून का मौसम भारत में प्रारम्भ हो चुका है एवं भारत में कृषि क्षेत्र में गतिविधियां अपने चरम स्तर पर पहुंच गई हैं, ऐसे अत्यंत महत्वपूर्ण समय पर चीन द्वारा भारत को उर्वरकों की आपूर्ति पर परेशनियां खड़ी की जा रही हैं।

# हिंसा की राह पकड़ रहें हैं नौनिहाल खतरे की घंटी!



मनोज कुमार अग्रवाल

**देश के अनेक हिस्सों से ऐसी वारदातों की सूचना आ रहीं हैं जिनमें किशोर वय के बच्चे लगातार छोटी बड़ी अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हरियाणा में एक प्राइवेट स्कूल में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के मौके पर दो छात्रों ने प्रिंसिपल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी. पुलिस का कहना है कि प्रिंसिपल ने छात्रों को बाल कटवाने और शर्ट अंदर करने को कहा था. पुलिस को शक है इसी बात से गुस्साए छात्रों ने प्रिंसिपल की हत्या को अंजाम दिया है।**

घटना हिसार के नारनौंद इलाके में एक प्राइवेट स्कूल की है। जिस समय घटना को अंजाम दिया गया उस समय स्कूल में एग्जाम चल रहा था। हांसी के पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि छात्र अपना यूनिट टेस्ट खत्म करने के बाद प्रिंसिपल ऑफिस पहुंचे। उन्होंने किसी बहाने से प्रिंसिपल जसबीर सिंह को बाहर चलने का अनुरोध किया। फिर वे उन्हें एक ऐसी जगह ले गए जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं थे।

बकौल पुलिस जब प्रिंसिपल छात्रों से बात कर रहे थे तभी कथित तौर पर उनमें से एक ने चाकू निकाला और उन पर कई वार किए. 52 वर्षीय प्रिंसिपल बुरी तरह से घायल हो गए. काफी खून बहने लगा. इसके बाद उन्हें हिसार के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अब इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले चार नाबालिग छात्रों को हिरासत में लिया है। इनमे दो हमलावर है।

अभी करीब एक माह पहले भी हरियाणा के हिसार में सहपाठी द्वारा प्रतिशोध में कक्षा दस के एक छात्र की गोली मारकर की गई हत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। एक साल पहले स्कूल में डेस्क पर बैठने को लेकर विवाद की खुंदक आरोपी छात्र अपने दिमाग में पालता-पोसता रहा। फिर एक दिन सहपाठी को सुबह मिलने के बहाने बुलाया और अपने दादा के हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बेहद दुखद है और हर मां-बाप के लिये बेहद चिंता का विषय कि उनके बच्चे का सहपाठी भी इतना खूंखार हो सकता है। हमारे जिस समाज की प्यार, सामंजस्य व सहयोग के लिये मिसाल दी जाती थी, उसमें ये किशोर आखिर ऐसा भयानक कदम कैसे उठा रहे हैं? जिस उम्र में किशोरों को पढ़ना-लिखना था, उस समय में वे हिंसक गतिविधियों में क्यों लिप्त हो रहे हैं? दोषी तो आरोपी छात्र के अभिभावक भी हैं कि जिन्होंने घातक हथियार को लापरवाही से घर में छोड़ा, जिससे आरोपी ने हत्या को अंजाम दिया। बताते हैं कि आरोपी छात्र के दादा सेना से सेवानिवृत्त हैं और एक बैंक में सुरक्षा गार्ड हैं। कितनी दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि मृतक छात्र अपने परिवार में इकलौता था और अपने परिवार को हमेशा के लिये रोता-बिलखता छोड़ गया। एक समय अमेरिका व यूरोप में ऐसी घटनाएं सुनने में आती थी। अब ये किशोर अपराध हमारे दरवाजों पर



भी दस्तक देने लगे हैं। समाज में व्याप्त नकारात्मकता व हिंसक प्रवृत्ति का किशोरों द्वारा अनुकरण करना हमारे समाज के लिये खतरे की घंटी ही है।

आपको बता दें कि पूर्व में भी उत्तर प्रदेश के कानपुर में 13 वर्ष का एक छात्र ने अपने सहपाठी की चाकू मारकर हत्या कर दी. यह घटना बिधनू क्षेत्र के गोपालपुरी स्थित एक निजी स्कूल में लंच ब्रेक के दौरान हुई. 10वीं कक्षा के छात्र ने अपने सहपाठी, नीलेंद्र तिवारी (15) की गर्दन और शरीर पर चाकू से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. आरोपी छात्र को पूछताछ के बाद किशोर सुधार गृह भेज दिया गया।

मई माह में एक अन्य वारदात में मध्य प्रदेश के धार जिले में एक 17 वर्षीय छात्रा की उसके सहपाठी ने इसलिए हत्या कर दी क्योंकि उसने उससे बात करना बंद कर दिया था।

बताया गया कि कक्षा 12वीं के छात्र का शव जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर उमरबन पुलिस चौकी के अधिकार क्षेत्र में एक खेत में मिला। बीते मार्च में दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक छात्र की ऐसी ही निर्मम हत्या हुई थी। वजीराबाद की घटना में एक नौवीं के छात्र का अपहरण करके उसके परिजनों से दस लाख की फिरौती मांगी गई थी। छात्र की हत्या के बाद जांच में पता चला कि उसके अपहरण व हत्या में तीन किशोर संलिप्त थे। हिसार में सहपाठी द्वारा प्रतिशोध में कक्षा दस के एक छात्र की गोली मारकर की गई हत्या ने पूरे से समाज को झकझोरा है। एक साल पहले स्कूल में डेस्क पर बैठने को लेकर विवाद की खुंदक आरोपी छात्र अपने दिमाग में एक तरहा। फिर एक दिन सहपाठी को सुबह मिलने के बहाने बुलाया और अपने दादा के हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बेहद दुखद है और हर मां-बाप के लिये बेहद चिंता का विषय कि उनके बच्चे का सहपाठी भी इतना खूंखार हो सकता है, आपको बता दें कि आएदिन स्कूल-कालेज विवाद में हिंसक घटनाएं हमें परेशान करती हैं। यदि कम उम्र के बच्चों व किशोरों में बढ़ती हिंसक प्रतिशोध की प्रवृत्ति पर लगाम न लगी तो डर लगता है कि आने वाले समय में हमारे समाज का स्वरूप कैसे होगा। सवाल यह है कि आखिर किशोरों में आपराधिक प्रवृत्तियां क्यों पनप रही हैं। आखिर उन्हें मां-बाप का संघर्ष क्यों नहीं दिखायी देता कि वे कैसे उन्हें पाल-पोस व पढ़ा-लिखा रहे हैं? समाज विचार करे कि वे कौन से कारक हैं जो बच्चों को आपराधिक प्रवृत्ति का बना रहे हैं। उनके द्वारा ऐसे जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिये जिम्मेदार प्रवृत्ति का स्रोत क्या है? ऐसे बच्चों में कानून का भय क्यों नहीं है? कभी लगता है कि हमारे जीवन का हिस्सा बने तकनीकी साधन बच्चों के विवेक पर आक्रमण कर रहे हैं। जिससे उनमें सही-गलत की सोच की प्रक्रिया बाधित हो रही है। कहा जा रहा है कि फिल्म, वेब सीरीज तथा इंटरनेट में व्याप्त आपराधिक कार्यक्रम उन्हें हिंसक बना रहे हैं। जिससे वे बेलगाम सपनों के संजाल में भी फंसते हैं, जिन्हें पूरा करने को वे हिंसक राह पर उतर जाते हैं।इन सब वारदातों की प्रकृति को विश्लेषण कर समाज में जागरूकता लाने और बाल अपचारियो के नियंत्रण कानून को प्रभावी बनाने की जरूरत है।

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय

ललित गर्ग

बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए।

भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है।

अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी।

फीचर



# बोरियत को न बनाएं अपनी आदत!

सारा काम खत्म हो गया, डिनर के लिए बाहर जाने का मन नहीं है, इस सप्ताह कोई अच्छी फिल्म भी रिलीज नहीं हुई, समझ नहीं आ रहा क्या करें, कहां जाएं ? आपको भी अपने आसपास अक्सर ऐसी बातें सुनने को मिलती होंगी।

ऐसा सोचने या कहने का सीधा मतलब यही है कि व्यक्ति अपनी वर्तमान मनस्थिति से खुश ही है और इसी वजह से उसे बोरियत महसूस हो रही है।

समस्या की जड़ेंः जब कभी जीवन में ठहराव आने लगता है तो इससे बोरियत पैदा होती है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी ने इंसान को काफी हद तक वर्कोहॉलिक बना दिया है। अब लोग दिन-रात मशीन की तरह काम में जुटे रहते हैं। जैसे ही उनका कार्य पूरा हो जाता है, उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। आज लोगों के सामने मनोरंजन के विकल्पों का अंबार है, फिर भी वे बोरियत से परेशान रहते हैं। सीमित साधनों के बीच संतुष्ट और खुश रहना आसान है, लेकिन ढेर सारे विकल्प हमें केवल भ्रमित करते हैं और अंततः इनकी वजह से बोरियत पैदा होने लगती है।

बोर होते बच्चेः आजकल बच्चों को भी बहुत जल्दी बोरियत महसूस होती है। पुराने समय में बच्चे एक ही खिलौने से महीनों तक खेलते थे, पर आज के बच्चे दो ही दिनों के बाद अपने लिए नए खिलौने की मांग करने लगते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अब पैरेंट्स के पास बच्चों के लिए समय नहीं है। इस समस्या से बचने के लिए वे छोटी उम्र से ही बच्चों को उनकी मनमर्जी का काम करने की छूट दे देते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों की फ्रस्ट्रेशन टॉलरेंस खत्म हो रही है। अगर माहौल उनकी पसंद के प्रतिकूल हो तो वे पांच मिनट में ही ऊबने लगते हैं। कभी-कभी बोरियत होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह स्थायी मनोदशा बन जाए तो चिंताजनक है। बोरियत नकारात्मक विचारों की जड़ है। इससे व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने लगता है।


## प्रेरणा

# दूसरों के दुख से अपना दुख ज्यादा बेहतर

एक कहावत है राजा दुखी, प्रजा दुखी सुखिया का दुख दुना। कहने का अर्थ यह है कि संसार में जिसे देखो वह अपने को दुखी ही कहेगा। राजा का अपना दुख है, प्रजा का अपना और जिसे आप सुखी माने बैठें हैं उससे पूछ कर देंखेंगे तो वह भी अपने दुखों की पोटरी खोलकर अपनी व्यथा गाने लगेगा। लेकिन अगर आपके पास यह विकल्प हो कि आप अपना दुख किसी और को देकर दूसरे का दुख खुद स्वीकार कर लें तब आप कहेंगे कि अपना ही दुख भला है। इस संदर्भ में एक कथा है कि किसी गांव में एक फकीर आये। उनकी विशेषता यह थी कि वे किसी की भी समस्या दूर कर देते थे। उनकी इस विशेषता के बारे जिसे भी पता चला, वह उनके पास दौड़ा आया। अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई और लोग जल्दी से जल्दी अपनी समस्या फकीर को बताने की जुगत भिड़ाने लगे। नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें। कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया। एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें।



## अपनी बात




पीएम नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वल निकम की तारीफ की कि कानून के क्षेत्र और संविधान के प्रति उनकी निष्ठा अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि वह न केवल एक सफल वकील रहे, बल्कि अहम मामलों में न्याय दिलाने की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका भी निभाते रहे हैं। अपने पूरे विधिक करियर के दौरान उन्होंने हमेशा संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने और आम नागरिकों को गरिमा के साथ न्याय दिलाने का कार्य किया है।



कांग्रेस विधायक बेलूर गोपालकृष्णा ने कहा कि अगर भागवत के 75 साल में रिटारयमेंट वाली बात के हिसाब से पीएम मोदी पद से हटते हैं तो नितिन गडकरी को अगला पीएम बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गडकरी पीएम पद के लिए सही च्वॉयस होंगे। उन्होंने कहा कि गडकरी को देश के गरीब लोगों की ज्यादा चिंता है। गोपालकृष्णा ने कहा कि बीजेपी ने 75 साल का होने के बाद बीएस येदियुरप्पा को इस्तीफा देने पर मजबूर किया।

दैनिक खबरों की रोशनी

भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025



# प्लेटलेट्स कैसे बढ़ाएं, खून की कमी है तो आजमाएं 5 उपाय

**एक स्वस्थ शरीर की निशानी है शरीर में प्लेटलेट्स की सही मात्रा होना एवं उनका सही तरीके से काम करना। लेकिन प्लेटलेट्स की कमी होने का नुकसान आपके शरीर एवं स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता है। अपने खानपान के माध्यम से आप आसानी से प्लेटलेट्स की संख्या में इजाफा कर सकते हैं।**

- प्रोटीन, विटामिन ए, सी, के, फोलेट, जिंक, फोलिक एसिड, सेलेनियम आदि पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना, प्लेटलेट्स में वृद्धि करने में कारगर उपाय साबित होगा।
- अपनी डाइट में दही, आंवला, लहसुन, ग्रीन टी के साथ ही नारियल पानी और अनार, पपीता, सेब, चुकंदर जैसे फलों को भी शामिल करें साथ ही पपीते के पत्तों का रस पीना भी एक लाभप्रद उपाय है।
- रोजाना एलोवेरा का सेवन भी इसके लिए फायदेमंद है। 20 से 25 ग्राम की मात्रा में प्रतिदिन एलोवेरा का गुदा खाएं या फिर इसका जूस बनाकर पिएं।
- व्हीटग्रास यानि ज्वारों का उपयोग भी प्लेटलेट्स को बढ़ाने में काफी मददगार है। रोजाना सुबह खाली पेट ज्वारे का रस निकालकर पीने से धीरे-धरे प्लेटलेट्स की संख्या में इजॉफा होगा।
- गिलोय का प्रयोग भी इसके लिए एक रामबाण उपाय है। गिलोय को तुलसी के साथ मिलाकर दोनों को अच्छी तरह उबालें और काढ़ा तैयार करें। इस काढ़े का रोजाना प्रयोग लाभदायक होगा।

आम तौर पर खून की कमी को एनीमिया के रूप में देखा जाता है। आयरन की कमी होना भी इसका एक प्रमुख कारण है। छोटे बच्चों, महिला खिलाड़ियों, सर्जरी या एक्सीडेंट के मरीजों में एनीमिया का खतरा अधिक होता है। वहीं महिलाओं में माहवारी के दौरान होने वाले रक्तस्त्राव एवं गर्भावस्था के कारण यह समस्या हो सकती है।

## रक्ताल्पता से बचने के 5 आसान टिप्स

- एनीमिया की समस्या से बचने के लिए, रेड मीट, सी-फूड और अंडा फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आप शाकाहारी हैं, तो सोयाबीन, मटर, सूखे मेवे और एप्रिकॉट आपके लिए बेहतर विकल्प है।
- ताजी हरी सब्जियों के साथ मक्का और अलग-अलग तरह की दालों को अपने भोजन में शामिल करें। इससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होगी, जो एनीमिया का प्रमुख कारण है।
- नाश्ते और खाने में फलों को शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी, शरीर में आयरन को सोखने में एवं उसकी क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है।
- चाय या कॉफी को ज्यादा कड़क करके न पिएं, इससे शरीर को आयरन को सोखने में कठिनाई होती है ।
- बगैर डॉक्टर की सलाह के, आयरन की गोलियों का सेवन बिल्कुल न करें। खून की जांच और डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही इनका सेवन करें, क्योंकि शरीर में आयरन की अधिकता आपके लिए मुसीबत बन सकता है।



# खांसी, जुकाम को ठीक करने के साथ इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग बनाती है काली मिर्च

**काली मिर्च को न सिर्फ इम्युनिटी बूस्टर माना जाता है बल्कि इसे इंफेक्शन से बचाव के लिए भी कारगर माना जाता है। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल आता है कि क्या वाकई काली मिर्च कोरोना से बचाव में कारगर है?**

कोरोना से बचाव के लिए पूरे देश में वैक्सीनेशन हो रही है। ऐसे में एक उम्मीद बंधी है कि देश जल्दी ही इस समस्या से मुक्ति पा लेगा लेकिन वैक्सीनेशन के बाद भी कुछ बातों की सावधानी रखना बेहद जरूरी है। जिनमें सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों के साथ अपनी इम्युनिटी बूस्ट करने के उपाय शामिल है। कोरोना के इंफेक्शन से बचाव के लिए कई घरेलू नुस्खे भी आजमाए गए।

## सर्दी, खांसी और जुकाम में कारगर

सर्दी, खांसी और जुकाम से पीड़ित लोगों को ही लिए काली मिर्च एक बेहतरीन औषधि के रूप में कार्य कर सकती है। आयुर्वेद में भी इसके सेवन से सर्दी और जुकाम की समस्याओं को ठीक करने की बात कही गई है। इसलिए जो लोगों को सर्दी, खांसी और जुकाम की समस्या है उन्हें शहद के साथ काली मिर्च के पाउडर को खाना चाहिए। यह प्रभावी रूप से इन समस्याओं को दूर करने के लिए अपना असर दिखा सकता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है

कोरोना वायरस महामारी से बचने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना कितना जरूरी है, यह बात तो आप सभी लोग जान चुके हैं। यही वजह है कि अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले काढ़े को तैयार करने में भी काली मिर्च का प्रयोग किया जा रहा है। यह कोरोना वायरस के लक्षणों को ठीक करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में काफी प्रभावी माना जा रहा है। आप चाहें, तो इसे गर्म पानी में उबालकर भी ड्रिंक के रूप में पी सकते हैं।

## ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में कारगर

ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने का सबसे ज्यादा फायदा डायबिटीज के खतरे को कम करने के लिए मिलता है। डायबिटीज की चपेट में आने के कारण हर साल हजारों लोगों की मौत हो जाती है। वहीं, काली मिर्च का सेवन अगर नियमित रूप से किया जाए तो यह ब्लड शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखकर डायबिटीज के खतरे को काफी हद तक कम कर देती है।



# टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज में क्या है अंतर? जानें लक्षण और बचाव

**खराब लाइफस्टाइल और वर्कआउट की कमी की वजह से आज अधिकतर लोग डायबिटीज की चपेट में हैं। डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिस पर अगर समय रहते कंट्रोल ना किया जाए, तो यह कई अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स जैसे हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट , किडनी रोग, स्ट्रोक, आंखों में समस्याएं, पैरों में अल्सर आदि जैसे रोगों के होने का खतरा बढ़ा देती है।**

## क्या है डायबिटीज

दरअसल, इंसुलिन शरीर में बनने वाला एक ऐसा हॉर्मोन है जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है। यह हमारे शरीर में पैंक्रियाज नामक एक ग्लैंड में बनता है। इसके असर से ब्लड में मौजूद शुगर हमारे शरीर के सेल्स में स्टोर होती है। डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति के शरीर में या तो इंसुलिन बनता ही नहीं है या फिर बॉडी के सेल्स इंसुलिन के प्रति संवेदनशील नहीं रह जाते है और शुगर उनमें स्टोर न होकर ब्लड में मौजूद रहती है।

## दो तरह की होती है डायबिटीज

डायबिटीज दो तरह की होती है-टाइप-1 और टाइप-2। इसमें टाइप-1 डायबिटीज वह होती है जो व्यक्ति को अनुवांशिक तौर पर होती है। मतलब जब किसी के परिवार में उसके मम्मी-पापा, दादी-दादा में से किसी को शुगर की बीमारी रही हो तो ऐसे व्यक्ति में इस बीमारी की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। जबकि कुछ लोगों में गलत लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों की वजह से यह बीमारी घर कर जाती है। इस स्थिति को टाइप-2 डायबिटीज कहा जाता है। डायबिटीज टाइप-1 की समस्या किसी बच्चे में जन्म से भी देखने को मिल सकती है। इस स्थिति में शरीर के अंदर इंसुलिन बिल्कुल नहीं बनता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि वंशानुगत कारणों से पैंक्रियाज में इंसुलिन बनना बंद हो जाता है। यह एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है।

## टाइप 1 डायबिटीज के लक्षण

- बार-बार पेशाब आना
- रोगी को को बहुत प्यास लगना
- रोगी कमजोरी महसूस करने लगता है
- दिल की धड़कन का बढ़ जाना
- चोट लगने पर घाव भरने में ज्यादा समय लगना
- हाथों में झुनझुनी, कंपकंपी जैसी समस्याएं

## टाइप 2 डायबिटीज के लक्षण

- थकान ट कम दिखना
- सिर दर्द जैसी समस्या
- चोट या घाव लगने पर वह जल्दी ठीक नहीं होता
- आंखों की रोशनी प्रभावित

### किसे टाइप-2 डायबिटीज का सबसे ज्यादा खतरा



- 45 साल की उम्र के बाद टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।
- जिन परिवारों में डायबिटीज अनुवांशिक है, उसके सदस्य विशेषतौर पर सावधान रहें।
- मोटापे के शिकार लोगों पर टाइप-2 डायबिटीज सबसे पहले हमला करती है।
- जन लोगों में हाई ब्लड प्रेशर, लॉ एचडीएल या हाई कॉलेस्ट्रॉल होता है, उनमें टाइप-2 डायबिटीज का खतरा रहता है।

#### डायबिटीज से बचाव के उपाय

डायबिटीज की शुरुआती अवस्था में लाइफस्टाइल में थोड़े बहुत बदलाव करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन ज्यादा समस्या होने पर इसके रोकथाम के लिए व्यक्ति को इंसुलिन दिया जाता है। इंसुलिन द्वारा पहुंचाई गई शुगर से ही कोशिकाओं को ऊर्जा मिलती है।

# डायबिटीज के मरीजों को जरूर करना चाहिए मेरूवक्रासन

बदलती जीवनशैली में शरीर को फिट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है खासकर डायबिटीज के मरीजों को अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए कई जतन करने पड़ते हैं। डायबिटीज के मरीजों को कोरोना का सबसे ज्यादा खतरा है। ऐसे में हम आपको ऐसे उपाय बता रहे हैं, जो न सिर्फ बीमारी से बचाएंगे बल्कि फिट रखने में भी मदद करेंगे। सूर्य नमस्कार के कुछ चक्रों का नियमित अभ्यास करने पर इस समस्या को अपने से दूर रखा जा सकता है। इसके साथ ही वे लोग, जो इस रोग से एक-दो साल पहले ही ग्रस्त हुए हैं, वे भी योग्य मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से रोग को पूर्णतया दूर कर सकते हैं। किन्तु गंभीर रोगी को अन्य आसनों का भी अभ्यास करना चाहिए। इनमें पवनमुक्तासन, जानुशिरासन, उष्ट्रासन, सुप्त वज्रासन, मेरूवक्रासन, अर्धमत्स्येन्द्रासन तथा हलासन प्रमुख हैं।

## मेरूवक्रासन की अभ्यास विधि

दोनों पैरों को सामने की ओर सीधा फैला कर बैठ जाएं। पैरों को आपस में जुड़ा रखें। दाएं पैर को घुटने से मोड़ कर इसके पंजे को बाएं पैर के घुटने के बायीं ओर रखें। बाएं हाथ की कुहनी को दाएं पैर के घुटने के पास रखते हुए इसके पंजे को स्पर्श करने का प्रयास करें। दाएं हाथ को पीठ के पीछे रखते हुए धड़ को दायीं ओर यथासंभव मोड़ने का प्रयास करें। इस स्थिति में आरामदायक अवधि तक रुकें। इसके बाद वापस पूर्व स्थिति में आएं। यही क्रिया दूसरी तरफ भी करें।

## प्राणायाम

मधुमेह जैसी बीमारी को दूर करने के लिए प्राणायाम की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस के लिए कपालभाति, अग्निसार, बंध तथा नाड़ी शोधन प्राणायाम का अभ्यास बहुत महत्वपूर्ण है।

## अग्निसार की अभ्यास विधि

ध्यान के किसी भी आसन, पद्मासन, सिद्धासन या सुखासन पर रीढ़, गला व सिर को सीधा कर बैठ जाएं। ज्यादा बेहतर पद्मासन होता है। एक गहरी श्वास अंदर लेकर पूरी श्वास मुंह के द्वारा बाहर निकालें। अब श्वास को बाहर रोक कर दोनों हाथों को घुटनों पर सीधा रख कर पेट को जल्दी-जल्दी अंदर-बाहर करें। जब तक श्वास को सहजता से रोक सकते हैं, तब तक पेट को अंदर बाहर करते रहें। किसी भी प्रकार की असहजता होने के पहले ही पेट को सामान्य करें और फिर हाथ को सामान्य रखते हुए श्वास को अंदर लेकर सहज करें। इसकी तीन-चार आवृत्तियों का अभ्यास करें।

## इन पर भी ध्यान दें

कार्बोहाइड्रेट, स्टार्च तथा वसायुक्त आहार कम लेना चाहिए। चोकर वाली रोटी, दही, सब्जियां, सलाद का सेवन प्रतिदिन करें। भोजन नियमित समय पर लें। भूख से अधिक भोजन नहीं करें। बार-बार भोजन करना भी ठीक नहीं होता।





# मस्ती के बीच जरूर याद रखें ये बातें

**बारिश के दिनों में बीमारियों का सबसे ज्यादा खतरा रहता है इसलिए आपको कुछ ऐसे टिप्स अपनाने चाहिए जिससे कि आप बीमारियों से बचते हुए सेफ रह सकें। आइए, जानते हैं कैसे रखें मानसून में अपना ख्याल**

## डाइट का खास ख्याल रखें

इस समय ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, खट्टी-मसालेदार, तली हुई चीजें न खाएं। इस मौसम में हेल्दी डाइट लेना बहुत जरूरी है। हरी पत्तेदार सब्जियां, घर का बना खाना, सूप, फाइबर युक्त आहार और फ्रूट खाने से आप हेल्दी रहेंगे।

## पानी पीते रहें

सर्दी हो या गर्मी शरीर में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। गुनगुने पानी का सेवन पाचन क्रिया को भी दुरुस्त रखता है। खाना खाने के एक घंटा पहले और खाना खाने के आधे घंटे बाद ही पानी पीएं। ठंडा पानी पीने से गला ज्यादा खराब हो सकता है।

## हरी साग-सब्जियां जरूर खाएं

सब्जियों के साथ-साथ अपने आहार में कुछ जरूरी हर्ब भी शामिल करें। इससे शरीर को ऊर्जा मिलेगी और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होगी। आंवला, ब्राह्मी, तुलसी, एलोवीरा, अदरक, इलायची, अजवाइन, सौंफ आदि भी सेहत के लिए बहुत जरूरी है।

## बच्चों का रखें खास ख्याल

छोटे बच्चे मौसम में बदलाव आने के कारण बीमारी के चपेट में बहुत जल्दी आ जाते हैं। इनका खास ख्याल रखने की बहुत जरूरत होती है। कई बार तो इससे बच्चों को डायरिया होने की आशंका रहती है। ऐसे में उन्हें अच्छी डाइट दें। बाजार की बनी चीजें न खिलाएं। समय-समय पर उन्हें लिक्विड दें ,ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

## तापमान में तुरंत बदलाव का ध्यान रखें

दिन में मौसम जिस तरह से कभी धूप, कभी बादल बारिश वाला हो रहा है उसे हल्केम में नहीं लेना चाहिए। इस तरह टेम्पौरेचर फ्लक्चुएशन से तबियत बिगड़ सकती है। बाहर से आकर एकदम पानी न पिएं या कपड़े न बदलें। चिलचिलाती धूप से एकदम से एसी में प्रवेश न करें। अपने आस-पास सफाई रखें, धूल-मिट्टी और गंदगी के कारण एलर्जी होने का डर रहता है।









# पोस्ट कोविड थकान से रोगियों को उबरने के लिए क्या सेवन करें

हमारा देश कोविड के बाद से ही बिमारियों से जूझ रहा है। हालांकि इस बीच इस संक्रमण से अधिक संख्या में लोग ठीक भी हो रहे हैं। कोविड से उबरने के बाद लोगों में थकान एक आम समस्या देखी जा रही है। ऐसे में कुछ खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल कर अपनी ऊर्जा को पुनः प्राप्त कर सकते हैं। पोस्ट कोविड रोगियों को अपने भोजन में हाई प्रोटीन वाले फूड को अवश्य शामिल करना चाहिए जैसे बीन, टोफू, पनीर, अंडे, दही, दाल मूंगफली, नट सीट्स स्प्राउटेड ऐसे पदार्थ आपको तुरंत एनर्जी देंगे। इनमें से अधिकांश मैग्नीशियम में समृद्ध है।जो ऊर्जा के स्तर को बहाल करने में मदद करते हैं। प्रोटीन युक्त आहार आपकी मांसपेशियों को कम होने से बचाएगा और साथ ही रेस्पिरेट्री मसल्स को मजबूत भी करेगा। डॉक्टर वशिष्ठ ने बताया कि इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद जरूरी अमीनो एसिड आपको हानिकारक रोगाणुओं से बचाते हैं।इसके साथ-साथ माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भी आपके लिए बहुत जरूरी है यह फल और रंग बिरंगी सब्जियों में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जैसे सेब, खजूर पपीता, केला, कीवी, लौकी, पत्तेदार साग आदि।इसके साथ ही पांच ऐसे आहार हैं जिससे इम्यूनिटी बढ़ती है तथा साथ ही साथ कोविड-19 की थकान से उबरने में बहुत मदद मिलती है।

## भीगे बादाम और किशमिश

कोविड-19 की थकान से बचने के लिए भीगे बादाम और किशमिश खाकर अपने दिन की शुरुआत करें। बादाम में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन होता है और किशमिश शरीर को अच्छा आयरन प्रदान करती है। इसलिए नियमित भीगे बादाम और किशमिश का सेवन फायदेमंद है।

## रागी दोसा और दलिया

उन्होंने कहा कि थकान को दूर करने के लिए रागी दोसा या एक कटोरी दलिया खाना सबसे बेहतर विकल्प है। यह सुबह के लिए एक अच्छा आहार है। इससे शरीर को एनर्जी मिलती है और थकान महसूस नहीं होती है।

## गुड़ और घी

लंच के दौरान या बाद में गुड़ और घी का सेवन करना फायदेमंद है। पोषक तत्वों से भरपूर इस कॉम्बिनेशन को आप रोटी के साथ भी खा सकते हैं। यह तेजी से रिकवर होने में मदद करते हैं। गुड और घी दोनों ही शरीर को गर्म और मजबूत रखने में मदद करते हैं।

## रात में खाएं खिचड़ी

उन्होंने बताया कि कोरोना से उबरने के बाद रात का खाना अधिक भारी नहीं लेना चाहिए। डिनर में खिचड़ी खाना एक बेहतर विकल्प है। खिचड़ी में सभी तरह के जरूरी पोषक तत्व होते हैं और यह पेट के लिए हल्की होती है। कई सारे फायदों के अलावा खिचड़ी खाने से अच्छी नींद आती है। इसमें हम स्वाद अनुसार हरी सब्जियां भी मिलाकर बना सकते हैं।

## पर्याप्त पानी पिएं

डॉक्टर वशिष्ठ ने जोर देकर कहा कि शरीर को अच्छी तरह हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। पर्याप्त पानी पीने के अलावा घर पर बने लाइम जूस और बटर मिल्क का नियमित सेवन करें। इससे आप तरोताजा महसूस करेंगे और शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाएगा।

दैनिक खबरों की रोशनी

भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025

## ब्रीफ न्यूज

### पाकिस्तान में बारिश का कहर 16 दिन में 98 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अरब सागर से आई नमी की वजह से पंजाब में मॉनसून एक्टिव है। लाहौर में रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे नमी (ह्यूमिडिटी) बढ़ गई है। एनडीएमए के अनुसार, 26 जून से यानी 16 दिन में अब तक देशभर में मूसलाधार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 98 लोगों की जान चली गई है और 185 अन्य घायल हो गए हैं। पंजाब प्रांत में सबसे अधिक 37 मौतें हुईं, जिनमें 20 बच्चे शामिल हैं, इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा में 30 लोगों की जान गई।अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि कई जगह तेज बारिश से नदियों का पानी बढ़ सकता है। कुछ कमजोर इलाकों में बाढ़ आने की भी आशंका जताई गई है।

### शेख हसीना के खिलाफ चली नई चाल, बेटी को डब्ल्यूएचओ ने भेज दिया छुट्टी पर

**लंदन।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना भी मुश्किल में हैं। उन पर भी एक विशेष ट्रिब्यूनल ने गंभीर आरोप लगाते हुए शेख हसीना को 'मानवता के खिलाफ अपराध' के आरोपों में अभियुक्त घोषित कर दिया। बताया गया कि पिछले साल छात्र आंदोलन के दौरान सैकड़ों छात्रों की मौत के मामले में यह कदम उठाया गया। ट्रिब्यूनल ने हसीना के साथ पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को भी आरोपी माना है। फिलहाल हसीना और खान दोनों भारत में निर्वासन में हैं और अदालत में पेश नहीं हुए।वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की डायरेक्टर साइमां वाजेद को अनिश्चितकालीन छुट्टी पर भेज दिया है। साइमां हसीना की बेटी हैं। यह फैसला ऐसे समय पर आया है जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगा रही है।

### गाजा में कराहती मानवताः भूख से मरें या सनसनाती गोली खाएं मौत है निश्चित

**गाजा।** गाजा सिर्फ और सिर्फ मौत का एक ठिया है। यहां लोग भूख से मरें या सनसनाती गोली से। मौत दोनों में निश्चित है। कुल मिलाकर भूख दम तोड़ते लोगों का यह कब्रस्तान बन गया है। यह बात यूनाइटेड नेशंस राहत एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के प्रमुख फिलिप लजारिनी ने कही है, जिनका बयान पूरी दुनिया का दिल झकझोर रहा है। लजारिनी ने एक्स पर लिखा, 'निर्बलता और चुप्पी भी एक तरह की साझेदारी है। अब भी अगर हम खामोश रहे, तो अराजकता और बढ़ेगी। गाज़ा के दैर अल-बलाह शहर में जब महिलाएं और बच्चे पोषण सामग्री लेने सहायता सेंटर पर पहुंचे, तो 15 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। मरने वालों में 9 बच्चे और 4 महिलाएं थीं। यही नहीं, रफाह में एक और सहायता केंद्र के पास 11 लोगों को निशाना बनाया गया। उस दिन कुल 45 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। गाजा की स्थानीय सरकार का दावा है कि 27 मई के बाद से अब तक अमेरिका और इजराइल समर्थित खाद्य वितरण केंद्रों के पास कम से कम 773 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं और 5101 घायल हुए हैं। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डिप्टी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कार्ल स्काउ, जो हाल ही में गाजा का दौरा कर लौटे हैं।

संघर्ष विराम को लेकर चल रही बातचीत एक बार फिर अनिश्चितता में घिर गई है

# शांति पर संशयः हमास के 35 ठिकानों पर इजरायल ने किया हमला

एजेंसी ■ गाजा

इजरायल का आरोप है कि हमास 'समझौते को जानबूझकर तोड़ रहा है और लचीलापन नहीं दिखा रहा। यह खबर ऐसे समय में आई है जब इजरायल ने 35 हमास ठिकानों को निशाना बनाया। कुल मिलाकर गाजा में संघर्ष विराम को लेकर चल रही बातचीत एक बार फिर अनिश्चितता में घिर गई है। शनिवार को हमास और इजरायल ने एक-दूसरे पर बातचीत में अड़चन डालने का आरोप लगाया। इस दौरान कतर में मध्यस्थता की कोशिशें जारी रहीं, जबकि इजरायली बंधकों के परिजन सरकार पर समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। रिपोर्ट के



मुताबिक, एक फिलिस्तीनी सूत्र ने बताया कि इजरायल गाजा के कई हिस्सों में अपने सैनिक बनाए रखना चाहता है, जो 60 दिन के संघर्ष विराम में सबसे बड़ी बाधा बन गया है। बातचीत के बीच गाजा में बमबारी जारी रही। गाजा सिटी के निवासी बासम हमदान ने कहा, 'हम सो रहे थे कि अचानक धमाका हुआज मां और तीन बच्चों के शव टुकड़ों में मिले।' दक्षिणी गाजा में घायलों को गधों पर लादकर या कंधों पर उठाकर अस्पताल लाया गया। इजरायली सेना का कहना है कि उसने 48 घंटों में गाजा में 250 से ज्यादा 'आतंकी ठिकानों' पर हमला किया। वहीं, हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि अब तक 57,882 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, इजरायल करीब 40 प्रतिशत गाजा क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी बनाए रखना चाहता है, जिससे लाखों विस्थापित फ़िलिस्तीनी रफा के पास सीमित इलाके में फंसे रहेंगे। हमास का मानना है कि ये नक्शे गाजा पर दोबारा कब्जे को जायज ठहराने की कोशिश हैं। बातचीत में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के कतर पहुंचने तक विराम की बात कही गई है। इजरायली मीडिया के मुताबिक, रविवार को इजरायल नई योजनाएं पेश कर सकता है।

2023 और 2024 के दो संघर्षविरामों में 105 इजरायली बंधकों की रिहाई हुई थी। फिलहाल 49 बंधक अब भी हमास की कैद में हैं, जिनमें से 27 की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इजरायली वायुसेना ने गाजा के उत्तरी हिस्से में स्थित बैत हनून इलाके पर बीते एक घंटे में जबरदस्त हवाई हमले किए हैं।

### ईरान में हमले के दौरान जेट में आई खराबी

पिछले महीने ईरान और इजराइल के बीच हुए 12 दिन के युद्ध के दौरान एक खतरनाक तकनीकी खामी ने इजराइली वायुसेना को पलभर के लिए संकट में डाल दिया था। चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक, एक एफ-15 लड़ाकू विमान के फ्यूल टैंक में खराबी आ गई थी, जब वह पहले ही ईरान की सीमा में काफी अंदर पहुंच चुका था। इस स्थिति में विमान को मजबूरी में ईरान में आपात लैंडिंग करनी पड़ सकती थी। यह एक ऐसा कदम था जिसे इजरायल किसी भी कीमत पर टालना चाहता था। हालांकि मिशन के साथ कोई ईंधन भरने वाला विमान तैनात नहीं था, लेकिन तुरंत एक रीफ्यूलिंग प्लेन भेजने की योजना बनाई गई। साथ ही एक वैकल्पिक योजना भी तैयार की गई थी, जिसमें विमान को किसी पड़ोसी देश में इमरजेंसी लैंडिंग करानी थी ताकि ईरान में उतरने से बचा जा सके।

# उत्तर कोरिया के सहयोग से रूस ने किए यूक्रेन पर 623 हवाई हमले

हमले में कम से कम 13 लोगों की जान चली गई

एजेंसी ■ कीव

उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मॉस्को को 'बिना शर्त समर्थन' देने की घोषणा की है। यह बात उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आई है। उत्तर कोरिया में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात में किम ने स्पष्ट किया कि प्योंगयांग 'यूक्रेन संकट की जड़ तक पहुंचने के लिए रूसी नेतृत्व की ओर से उठाए गए सभी कदमों के साथ पूरी तरह खड़ा है'। इसी सहयोग के चलते रूस ने यूक्रेन पर इस महीने का चौथा बड़ा हमला करते हुए शनिवार को एक भीषण ड्रोन और मिसाइल हमले की बौछार कर दी, जिसमें कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। यह हमला खास तौर पर पश्चिमी यूक्रेन के उन इलाकों में किया गया जहां माना जा रहा था कि यहां अटैक होना मुश्किल होगा।

यूक्रेन की वायुसेना के मुताबिक, रूस ने बीते 24 घंटों में 623 ड्रोन और 26 मिसाइलें दागीं।



इनमें से 319 ईरानी-निर्मित 'शहीद' कामिकाजे ड्रोन थे, जो हाल के हफ्तों में रूस की हमलावर रणनीति का प्रमुख हिस्सा बन चुके हैं। यूक्रेनी सेना ने आधे से ज्यादा ड्रोन और अधिकांश मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन उसके बावजूद हमले ने कई इलाकों को दहला दिया। लविव क्षेत्र में हुए एक ड्रोन हमले में 12 लोग घायल हो गए। इस क्षेत्र को अब तक विदेशी सैन्य मदद पहुंचाने के सुरक्षित केंद्र के रूप में देखा जाता था। स्थानीय गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने बताया कि कई रिहायशी इलाकों में विस्फोट हुए। पूर्वोत्तर यूक्रेन के खारकीव में 8 ड्रोन और 2 मिसाइलें गिरीं, जिससे 3 लोग घायल हो गए। शहर के मेयर इगोर तेरेखोव ने कहा कि रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है। शनिवार सुबह, ड्निप्रोपेट्रोव्स्क इलाके में मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा सुमी क्षेत्र में रूसी गाइडेड बम गिरने से भी दो लोगों की जान चली गई।

पश्चिमी अधिकारियों का दावा है कि पिछले एक साल में उत्तर कोरिया ने लगभग 11,000 सैनिक रूस भेजे हैं जो यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में हिस्सा ले रहे हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी एजेंसी के मुताबिक, किम और लावरोव के बीच शनिवार को हुई बातचीत 'गर्मजोशी और कॉमरेडाना विश्वास' से भरे माहौल में हुई।


### फ्रांस के जनरल बोले- रूस हमें दुश्मन मानता है

फ्रांसीसी सेना प्रमुख जनरल थियरी बुर्खार्ड ने एक चौंकाने वाला बयान देते हुए कहा है कि रूस अब फ्रांस को 'यूरोप में अपना मुख्य दुश्मन' मानता है। यह बयान पेरिस में 11 जुलाई को हुई एक दुर्लभ प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया गया। जनरल बुर्खार्ड का यह बयान उस वक्त आया है जब एलिसी पैलेस ने दुनिया भर में 'बढ़ते अंतरराष्ट्रीय खतरों' की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यह धारणा रूस की ओर से इसलिए बनी है क्योंकि फ्रांस, फरवरी 2022 में शुरू हुए पूर्ण रूसी आक्रमण के बाद से यूक्रेन का लगातार समर्थन करता रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'यह (व्लादिमीर) पुतिन थे जिन्होंने यह बात कही'। हालांकि फिलहाल फ्रांस की जमीन पर रूसी सैन्य हमले का कोई सीधा खतरा नहीं है, लेकिन जनरल बुर्खार्ड ने चेतावनी दी कि पुतिन के पास 'हाइब्रिड युद्ध' छेड़ने के कई विकल्प हैं।

# पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम सिर्फ 'रक्षा और शांति' के लिए

### डोभाल ने निकाली पाकिस्तान की अकड़ तो शहबाज करने लगे शांति की बात

एजेंसी ■ इस्लामाबाद



भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को जो नुकसान पहुंचाया वह किसी से छिपा नहीं है। दोनों न्यूक्लियर पावर देशों के बीच संघर्ष को लेकर पूरी दुनिया टेंशन में आ गई थी। अब पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने अपने परमाणु हथियारों को सिर्फ 'रक्षा और शांति' के लिए बताया है। पाकिस्तान परमाणु हथियार के नाम पर भारत को ब्लैकमेल करता है। वह हर बार ऐसा दिखाने की कोशिश करता था कि अगर भारत ने हमला किया तो वह सीधे परमाणु बम का इस्तेमाल करेगा, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने उसके न्यूक्लियर ब्लैकमेल की हवा निकाल दी है। शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम सिर्फ 'रक्षा और शांति' के लिए है, किसी भी प्रकार की 'आक्रामकता' के लिए नहीं। यह बयान तब आया है जब भारत के ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान के 'परमाणु ब्लैकमेलिंग' को लेकर दुनिया भर में चिंता जताई जा रही थी। वहीं भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा था कि पाकिस्तान का कोई हमला कामयाब नहीं हुआ। अगर हुआ हो तो पाकिस्तान सबूत दिखाए। इस्लामाबाद में छात्रों से बातचीत करते हुए पीएम शहबाज शरीफ ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के भारत के साथ हुए संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पूरी ताकत से जवाब दिया, लेकिन हमारा परमाणु कार्यक्रम केवल राष्ट्रीय सुरक्षा और शांति के लिए है, हमलावर मंसूबों के लिए नहीं। बता दें पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की।

भारत ने 7 मई को बहावलपुर सहित 9 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जो जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों के गढ़ माने जाते हैं। इन हमलों के बाद पीएम मोदी ने अपने राष्ट्र के नाम पहले संबोधन में कहा था कि भारत अब किसी भी परमाणु धमकी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# ईरान की अमेरिका को दो टूक कहा- बात तभी होगी जब हम पर हमला नहीं होगा

एजेंसी ■ तेहरान

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता की बहाली एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना सुरक्षा गारंटी के अब कोई बातचीत नहीं होगी।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराजची ने तेहरान में विदेशी राजनयिकों से कहा, हमारा देश हमेशा से परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत के लिए तैयार रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बातचीत की प्रक्रिया युद्ध में तब्दील न हो। लेकिन क्या ईरान की ये शर्त इजरायल मानेगा?

अरागची का यह बयान ऐसे समय आया है जब पिछले 12 दिनों में ईरान पर इजरायल की बमबारी और 22 जून को अमेरिका के हवाई हमले से ईरान के कई न्यूक्लियर और मिलिट्री प्रतिष्ठान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका या अन्य देश



बातचीत चाहते हैं, तो पहले यह ठोस गारंटी दें कि ऐसे हमले दोबारा नहीं होंगे।

ईरान का कहना है कि इन हमलों के चलते अब बातचीत की प्रक्रिया और जटिल हो गई है।ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी कहा कि अमेरिकी हमलों ने उनके परमाणु ठिकानों को इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया है कि अब तक वहां पहुंचना और क्षति का पूरा आकलन करना भी संभव नहीं हो पाया है। जहां अमेरिका और इजरायल का आरोप है कि ईरान परमाणु हथियारों के बेहद करीब पहुंच चुका है, वहीं ईरान ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान की संप्रभुता का हिस्सा है और वह इसे अपनी जमीन पर ही जारी रखेगा। अब निगाहें अमेरिका पर हैं कि क्या वे इस शर्त के साथ बातचीत की बहाली को स्वीकार करते हैं या टकराव का रास्ता और गहराता है। वहीं ईरान ने इस घटनाक्रम के बाद संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए से सहयोग भी सस्पेंड कर दिया है और उसके निरीक्षकों को हटा लिया गया है।

### बोले शहबाज- मियां वो तो बख्श दिया हम तो भारत में परमाणु बम फोड़ने वाले थे

**इस्लामाबाद।** छात्रों के सामने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ खूब ढींगे मारते दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि मियां हम तो परमाणु बम भारत पर फेंकने ही वाले थे, वो तो उनकी किस्मत अच्छी थी सो बच गए। शरीफ ने यह टिप्पणी इस्लामाबाद में पाकिस्तानी विद्यार्थियों के समूह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों भारत के साथ चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष को भी उन्होंने याद किया। शरीफ ने कहा कि भारतीय सैन्य हमलों में 55 पाकिस्तानी मारे गए। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान ने पूरी ताकत से जवाब दिया। परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना के बारे में पूछे जाने पर शरीफ ने जवाब दिया, 'पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण उद्देश्यों और राष्ट्रीय रक्षा के लिए है, न कि हमले के लिए। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 6 मई की देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचों को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।पहलगाम की बैसरन घाटी में 5 सशस्त्र आतंकियों ने 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी, जिसमें अधिकांश हिंदू पर्यटक थे।

# अहमदाबाद विमान हादसे की शुरुआत रिपोर्ट की समीक्षा कर रही यूके की एएआईबी

एजेंसी ■ लंदन

ब्रिटेन की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टिगेशन ब्रांच ने रविवार को कहा कि वह हाल ही में अहमदाबाद विमान हादसे पर भारत की ओर से जारी शुरुआती रिपोर्ट की समीक्षा कर रही है। यह रिपोर्ट भारत की एएआईबी ने जारी की है, जो पिछले महीने टेक-ऑफ के कुछ ही देर बाद हुए क्रैश की शुरुआती जांच पर आधारित है। इस हादसे में 242 में से सिर्फ एक व्यक्ति की जान बची थी, बाकी सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स की मौत हो गई थी। इस हादसे में 52 ब्रिटिश नागरिकों की भी मौत हुई थी, इसलिए यूके की एएआईबी भी इस जांच प्रक्रिया का हिस्सा है।

ब्रिटेन की एएआईबी ने भारत की शुरुआती जांच रिपोर्ट का स्वागत किया है। यह रिपोर्ट उस विमान हादसे से जुड़ी है जिसकी जांच भारत की एएआईबी कर रही है। यूके एएआईबी ने कहा है कि यह रिपोर्ट अब तक सामने आई तथ्यों



का सार है। फिलहाल इस 15 पन्नों की रिपोर्ट का डिटेल में रिव्यू किया जा रहा है और भारत की एएआईबी के साथ लगातार संपर्क में है। ब्रिटेन की एएआईबी को इस जांच में 'एक्सपर्ट' का दर्जा दिया गया है। इंटरनेशनल प्रोटोकॉल्स के तहत जांच से जुड़ी कोई भी ऑफिशियल जानकारी सिर्फ भारतीय एजेंसियां ही जारी कर सकती हैं। रिपोर्ट में पता चला है कि हादसे से कुछ सेकेंड पहले दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच रन पोजिशन से अचानक कटऑफ में चले गए थे और यह बदलाव एक सेकेंड के अंदर हुआ। इसके बाद प्लेन नीचे की और आया हो क्रैश हो गया। 12 जून को हुए एयर इंडिया हादसे में जिन ब्रिटिश परिवारों ने अपने करीबी खोए हैं, वे अब जांच प्रक्रिया में खुद के लिए एक्सपर्ट रिप्रेजेंटेशन की मांग कर रहे हैं। ये परिवार लंदन की लीगल फर्म से सलाह ले रहे हैं, जो 20 से ज़्यादा परिवारों की तरफ से केस देख रही है। हादसे की शुरुआती जांच रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी एजेंसी एफएए ने एक स्पेशल बयान जारी किया था, जो सिर्फ सलाह के तौर पर था, जरूरी नहीं था।

रिपोर्ट | पालतू शेर के महिला और बच्चों पर हमले के बाद जागा प्रशासन

# पाकिस्तान में पालतू शेरों के काट दिए जाते हैं पंजे, रखा जाता है बेहोश

एजेंसी ■ करांची

पाकिस्तान में शेरों को पालने का चलन है। इसी बीच एक पालतू शेर ने एक महिला और दो बच्चों पर हमला कर दिया है जिससे शेर पालने को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पाकिस्तान में बहुत से लोग गैर-कानूनी तरीके से शेर पालते हैं। मीडिया रिपोर्ट में एक पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा है कि उन्होंने पंजाब में गैर-कानूनी तरीके से पाले गए 18 शेरों को जब्त कर लिया है। बीते हफ्ते पंजाब के लाहौर में पिंजरे से भागे पालतू शेर ने एक महिला और दो बच्चों को घायल कर दिया था जिसे बाद प्रांत



में शेर रखने वालों के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा था। हमले में महिला को मामूली चोट और खरोंच आई जबकि पांच और सात साल के दोनों बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। शेर के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना के बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने गैर-कानूनी रूप से पाले गए शेरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन वहां पालतू शेरों को रखने पर पाबंदी लगा पाना मुश्किल है। पाकिस्तान के लोग समाज में अपना दबदबा दिखाने के लिए अक्सर शेर पालते हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया के कारण पाकिस्तान में शेरों को पालना और बढ़ गया है। पंजाब के वन्यजीव एवं उद्यान विभाग का कहना है कि पूरे प्रांत में घरों और प्रजनन फार्मों में 584 शेर और बाघ हैं। एक प्रोफेसर ने पाकिस्तान में पशुओं के कानून पर काम किया है। वो कहती हैं कि पाकिस्तान में बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्होंने अवैध तरीके से शेर पाल रखे हैं।

उन्होंने कहा कि मेरे कुछ दोस्त मुझे बताते हैं कि उन्होंने कई लोगों के घरों में शेर देखे हैं। वह बताते हैं कि कुछ लोग कार की पिछली सीट पर शेर बिठाकर ले जाते हैं और कुछ तो अपने पालतू शेरों को ऐसे घुमाते हैं जैसे वह कुत्ते को घुमा रहे हों। उन्होंने कहा कि लोग शेरों को अपने घरों के पिछवाड़े में खाली जगह पर खराब परिस्थितियों में रखते हैं। लोग उनके पंजे काट देते हैं, उन्हें हमेशा बेहोश रखा जाता है और सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए उनका इस्तेमाल किया जाता है।

शेर के बच्चों के धारदार पंजे बचपन में ही काट दिए जाते हैं ताकि वो किसी को नुकसान नहीं पहुंचा सके लेकिन इस दर्दनाक प्रक्रिया के कारण शेर और ज्यादा आक्रामक होते जाते हैं। पाकिस्तान में हाल के समय में सोशल मीडिया की वजह से शेरों को पालतू बनाकर रखने का ट्रेंड बढ़ा है लेकिन वहां ऐतिहासिक रूप से शेर और बाघ पाले जाते रहे हैं। बाघ पाकिस्तान की तीन प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक, पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएलएन) का चुनाव चिन्ह है। पार्टी के संस्थापक नवाज शरीफ तीन बार पाकिस्तान के पीएम रह चुके हैं।

# ड्रग तस्करी, रेप जैसे अपराध के लिए सऊदी में दी जाती है सजा-ए-मौत

एजेंसी ■ रियाद

सऊदी अरब में इस्लामिक कानून के हिसाब से अपराध करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। ड्रग तस्करी, रेप समेत ऐसे कई अपराध हैं जिनके लिए सीधे मौत की सजा दी जाती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब में बिना हिंसा वाले ड्रग्स के मामलों में भी मौत की सजा दी जाती है। बीते साल सऊदी अरब में 345 लोगों को मौत की सजा दी गई। इस साल भी सैकड़ों लोगों को मौत की सजा दी गई उनमें से दो तिहाई ड्रग्स से जुड़े अपराधी हैं। सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा था कि केवल मानव हत्या के मामलों में मौत की सजा दी जाए। हालांकि इसका पूरी तरह से पालन नहीं हुआ।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्राउन प्रिंस ने कहा था, केवल एक कैटिगरी को छोड़कर हम मौत की सजा से छुटकारा पाना चाहते हैं। वह कैटिगरी कुरआन में बताई गई है। हम जो कुछ करते हैं वह कुरआन की शिक्षा के आधार पर ही करते हैं। सऊदी अरब के अलावा ईरान, कुवैत और यूएई में भी ड्रग्स के मामलों में मौत की सजा दी जाती है। चीन और ईरान के बाद सऊदी अरब में सबसे ज्यादा मौत की सजा दी जाती है।

भोपाल आज का तापमान

## ब्रीफ न्यूज

### भोपाल में रेड बसों की थमी रफ्तार, यात्री परेशान


**भोपाल।** राजधानी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की रीढ़ कही जाने वाली बीसीएलएल कंपनी की लाल बसें अब लोगों की परेशानी की वजह बन रही हैं। एक समय शहर की बड़ी आबादी को राहत देने वाली ये बसें आज सड़कों से गायब होती जा रही हैं। करीब 10 प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन पूरी तरह बंद हो गया है जबकि चालू रूटों पर भी बसों की संख्या बेहद सीमित हो चुकी है। बीसीएलएल की बस सेवाएं सीमित हो गई हैं। फिलहाल केवल छह रूटों पर ही बसें संचालित हो रही हैं। जिस कारण शहर के अधिकांश लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। इसके साथ साथ आइएसबीटी बस स्टैंण्ड पर करोड़ों की लागत से खरीदी गई बसें जंग खा रही है। बीसीएलएल कंपनी के डायरेक्टर मनोज राठौर ने कहा कि शहर के अधिकांश रूटों पर बसें धीरे धीरे बंद हो रही हैं जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ रही है। मैं मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री को एक दो दिन में पत्र लिख इस समस्या को अवगत कराने वाला हूं ताकि भोपाल के रूटों पर फिर से बसों का संचालन हो सके।

### श्रमिकों की सेहत के लिए श्री पहल शुरू

**भोपाल।** श्रम तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के निर्देशानुसार श्रम विभाग श्रमिकों की भलाई और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से नाम से नई पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत श्रमिकों के स्वास्थ्य, जागरूकता और जीवनशैली सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम प्रस्तावित किए गए हैं। श्री पहल के तहत मुख्य रूप से नशा न करने की पहल, दैनिक व्यायाम का महत्व और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव के लिए आहार नियंत्रण जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके लिए कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) तंत्र के साथ संबल योजना, श्रम कल्याण योजनाएं एवं निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड डेटाबेस का प्रभावी उपयोग किया जाएगा।

# मेट्रो बनी मुसीबत! कीचड़, गड्ढे, जलभराव ने लोगों की बढ़ा दी मुश्किलें, कब मिलेगी राहत?

## मेट्रो के काम से 10 फिट बची सड़कें, लग रहा घंटों लंबा जाम



**भोपाल एजेंसी**

पुराने शहर के सबसे व्यवस्त मार्गों में से एक बैरसिया पर करोंद चौराहा से सिंधी कालोनी तक मेट्रो की आरेंज लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। मेट्रो का काम करने के लिए कंपनी ने सड़क के बीचों-बीच बेरिकेड्स लगाए हैं, जिनकी वजह से सड़कों की चौड़ाई मुश्किल से 10 फिट की रह गई है। वहीं पसरा अतिक्रमण लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। इस वजह से हर दिन इस मार्ग पर घंटों तक लंबा जाम लग रहा है तो वहीं वर्षा के दौरान कीचड़, गड्ढे, जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इसके बाद भी मेट्रो प्रबंधन, नगर निगम, पुलिस, प्रशासन व्यवस्थाएं नहीं बना पा रहा है।

**मेट्रो के लिए खड़े किए जा रहे हैं पिलर :** बैरसिया रोड पर मेट्रो की आरेंज रेल लाइन के पिलर खड़े किए जा रहे हैं। जिसके लिए यहां पर बेरिकेड्स लगाकर गड्ढों की खोदाई करने के साथ ही पिलर तक खड़े करने का काम चल रहा है। इस काम के शुरू होते ही कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नगर निगम, प्रशासन, पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सड़कों की चौड़ाई यदि कम हो गई है तो अतिरिक्त पट्टी बनाई जाए। सड़क किनारे व फुटपाथ पर पसरे ठेले, दुकानों के अवैध अतिक्रमण को प्रमुखता से हटाया जाए। जिससे वाहनों को आवागमन में समस्या न हो और जाम की स्थिति निर्मित न हो।

**कलेक्टर के निर्देश पर भी नहीं हुई कोई व्यवस्था :** कलेक्टर के निर्देश पर भी जिम्मेदार अधिकारी कोई व्यवस्था नहीं बना पाए हैं। नतीजतन इस मार्ग से हर दिन गुजरने वाले एक लाख से अधिक वाहन चालकों को जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ रहा है। सड़क खोदाई कर मरम्मत तक नहीं की मेट्रो रेल लाइन के कार्य के दौरान करोंद से लेकर सिंधी कालोनी तक सड़क की खोदाई की गई थी लेकिन इसकी दोबारा से मरम्मत नहीं की गई है। वर्षा के दौरान उखड़ी सड़क पर जलभराव की स्थिति बनती है, गड्ढों से वाहनों को गुजरने में समय लगता है।ऐसे में यह लापरवाही भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती है।

### अतिक्रमण की बनी परेशानी

बीच रास्ते में खड़े रहते हैं ई रिक्शा करोंद चौराहा, डीआइजी बंगला, काजी कैंप और सिंधी कालोनी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर जगह कम बची है। इसके बाद भी यहां पर ई रिक्शा, ऑटो और आपे चालक अपना कब्जा जमाए रहते हैं। करोंद चौराहा के चारों तरफ इनका अतिक्रमण है, जिससे दो व चार पहिया वाहनों को निकलने के लिए जगह ही नहीं बचती है। फुटपाथ पर दुकान व ठेले वालों का कब्जा सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए अतिरिक्त पट्टी बनाई जानी थी लेकिन कुछ ही जगह बनाई गई थी। यह भी सफल नहीं हुई, क्योंकि करोंद चौराहा से लेकर सिंधी कालोनी तक फुटपाथ पर अवैध दुकानदारों व ठेले वालों ने अपना कब्जा जमा रखा है।

# सन्त आशाराम बापू के खिलाफ आदेश करने वाले जज की संपत्ति की जांच हो स्वामी राकेशानन्द



**हर्रई छिंदवाड़ा दैनिक अखबार खबरो की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ प्रियंक सोनी की रिपोर्ट।** इन दिनों जनसेवा हिताय संगठन के तत्वावधान में एस एफ गेट के पास शनि पिपलेश्वर मंदिर में 7 दिवसीय भागवत कथा स्वामी राकेशानन्द जी के सानिध्य में सम्पन्न हो रही हैं। जिसमें सैकड़ों लोग प्रतिदिन कथा का पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है । इस अवसर पर स्वामी जी ने मीडिया को बताया कि आजकल सनातन संस्कृति के रक्षक सन्तों को चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है । सन्त श्री आशाराम जी बापू पर जोधपुर सेशन कोर्ट के जज मधुसूदन शर्मा और गांधीनगर सेशन कोर्ट के जज ष्ठच सोनी ने बिना सबूतों के उम्रकैद की सजा सुनाई है । उनकी संपत्ति की जांच होनी चाहिए । माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कुछ वर्ष पहले एक सर्कुलर जारी किया था कि सभी न्यायाधीश अपनी - अपनी सम्पति का ब्यौरा बेबसाइट पर सेंट करे । सुप्रीम कोर्ट का आदेश सभी के लिए बन्धनकारी होता हैं । पर आज तक बहुत से न्यायाधीशों ने स्वयं की सम्पति का ब्यौरा नहीं दिया है । उसमें से जोधपुर सेशन कोर्ट के न्यायाधीश मधुसूदन शर्मा और अहमदाबाद गांधीनगर के सेशन कोर्ट के न्यायाधीश डी के सोनी भी हैं । इन जजों के इस कृत्य से माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना हो रही हैं। साथ ही ये दोनों जज संदेह के घेरे में आ रहें हैं । सन्त आशाराम जी को सजा सुनाने वाले जोधपुर सेशन जज मधुसूदन शर्मा को तुरंत जयपुर उच्च न्यायालय का रजिस्टार बना दिया जाता है जो विधि के विपरीत है । हमने देश भर के संत समाज के साथ मिलकर सनातन बोर्ड के गठन की भी माँग की है । श्री देवकीनंदन ठाकुर जी के साथ दिल्ली में शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन किया है और बागेश्वरधाम के धीरेंद्र शास्त्री जी के साथ हिन्दू राष्ट्र की मांग की । हमारी सरकार से यह भी मांग है कि सभी उच्च अधिकारी वर्ग , समस्त जनप्रतिनिधियों , केंद्रीय मंत्री और राज्य सरकार के सभी मंत्री अपनी - अपनी सम्पति का ब्यौरा बेबसाइट पर सेंट करे । जिससे आम जन मानस के बीच विश्वास कायम रहे । 16 नवम्बर 2024 को समस्त सन्त समाज ने देवकीनंदन ठाकुर जी और आचार्य कौशिक जी के सानिध्य में जगराम गार्डन करतार नगर के पास दिल्ली में सम्पन्न हुआ था जिसमे संत आशाराम जी बापू पर हो रहे अत्याचार का विरोध प्रकट किया था। उसके बाद सरकार और न्याय व्यवस्था ने उनके उचित इलाज के लिए अंतरिम जमानत दी । सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के साथ कुंबी समाज के मार्गदर्शक सुभाष इंगले , आई टी सेल के प्रभारी भूपेश पहाड़े , अशोक कराडे , कलार समाज के सूरज प्रसाद बबलू माहोरे , पवार समाज के हेमराज पटले आदि ने राष्ट्रीय कथावाचक स्वामी राकेशानन्द जी का पुष्प गुच्छ से हार्दिक अभिनंदन कर आत्मिक स्वागत किया।

# घायल युवक के लिए रूकवाया काफिला, पहुंचाया अस्पताल



## केंद्रीय मंत्री शिवराज की दिखी संवेदनशीलता

**भोपाल एजेंसी**

केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कार्यक्रम में जाते समय उन्होंने सड़क हादसे में घायल युवक को देखकर अपना काफिला रुकवाया और उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। शिवराज की इस त्वरित मदद को देखकर लोगों ने उनकी संवेदनशीलता की सराहना की। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता दिखाई। रविवार को भोपाल में कार्यक्रम में जाते समय उन्होंने सड़क हादसे में घायल एक युवक को देखकर तुरंत काफिला रुकवाया और उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान अवधपुरी भोपाल में आयोजित जैन समाज के कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे, इस दौरान चेतक ब्रिज पर भीड़ इकट्ठा देख शिवराज ने अपना काफिला रुकवाया। चेतक ब्रिज पर बाइक सवार एक महिला और पुरुष को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। जब शिवराज सिंह चौहान का काफिला वहां से गुजर रहा था, तो उन्होंने भीड़ देखकर स्थिति को भांपा और तुरंत गाड़ी रुकवाई। घायल युवक के सिर में गंभीर चोट थी। शिवराज ने अपने काफिले की एक गाड़ी को घायल को अस्पताल ले जाने के लिए दिया और साथ में एक अधिकारी को भी भेजा ताकि अस्पताल में इलाज की समुचित व्यवस्था हो सके। यही नहीं, उन्होंने नजदीकी अस्पताल के डॉक्टर से फोन पर बात भी की। पूर्व में भी शिवराज सिंह चौहान कई मौकों पर हादसों में घायलों को अस्पताल पहुंचाने और उनकी मदद करते देखे गए। इस मानवीय पहल पर घायल के परिजनों और वहां मौजूद लोगों ने उनका आभार प्रकट किया।

# 'एक पेड़ अपने पूर्वजों के नाम' अभियान अपना घर वृद्धाश्रम में नेमा समाज ने किया पौधरोपण




## जब समाज संगठित होकर आगे बढ़ता है तो परिवर्तन की मिसाल बना जाता

**भोपाल एजेंसी**

'एक पेड़ अपने पूर्वजों के नाम' अभियान के अंतर्गत आज अपना घर वृद्धाश्रम में नेमा समाज भोपाल द्वारा आयोजित विशाल पौधारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। नेमा समाज भोपाल के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों, संरक्षक व सलाहकार सदस्यों के साथ, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों की भागीदारी से सम्पन्न यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता और सामूहिक संकल्प का प्रतीक बना। साथ ही नेमा समाज भोपाल द्वारा अपना घर वृद्धाश्रम में निवासरत् वृद्धजनों को सहयोग स्वरूप नगद राशि भी प्रदान की गई। इस अभियान के माध्यम से न सिर्फ हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ कि जब समाज संगठित होकर संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ता है, तो वह सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बन जाता है। आज लगाए गए हर पौधे में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, धरती के प्रति कर्तव्य और भविष्य के प्रति जिम्मेदारी समाहित है। इस अभियान में सम्मिलित होकर पौधारोपण करते हुए अत्यंत आत्मिक संतोष और प्रेरणा का अनुभव हुआ। नेमा समाज भोपाल के संरक्षक राजेन्द्र नेमा, सलाहकार सुधीर गुप्ता, संयोजक राकेश नेमा, अध्यक्ष राहुल गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, कृष्ण मोहन गुप्ता, सचिव नीतेश नेमा, कोषाध्यक्ष सतीश नेमा, मिडिया प्रभारी शरद नेमा, संयुक्त सचिव अमित गुप्ता, संजय नेमा, मनोज नेमा, संजीव नेमा सहित समाज के वरिष्ठजन हरिमोहन नेमा एवं सामाजिक संस्था अवनि वेल्फेयर सोसायटी एवं अपना घर वृद्धाश्रम की संचालिका माधुरी मिश्रा एवं उनके सहयोगियों सहित सामाजिक कार्यकर्ता सचिन, तनीषा, नेहा एवं अभिषेक का सहयोग और उत्साह सराहनीय है।

# श्री चित्रगुप्त पीठ के महंत गोविंद श्रीवास्तव ने की कायस्थम अध्यक्ष से भेंट



**भोपाल।** डॉ. गोविन्द नारायण श्रीवास्तव राष्ट्रीय सह प्रमुख श्री चित्रगुप्त पीठ एवं श्रीमहंत चित्रगुप्त अखाड़ा, वृंदावन, मथुरा तथा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय सत्य सनातन संघ ने रविवार को कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव से भेंट की उनके साथ उदित सिंह भदौरिया अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल विश्व सत्य सनातन संघ, सुरेन्द्र सिंह भदौरिया राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अखिल विश्व सत्य सनातन संघ, और डॉ. अजीत सिंह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अखिल विश्व सत्य सनातन संघ (मप्र) भी इस अवसर पर मौजूद थे। सभी ने भगवान श्री चित्रगुप्त को लेकर कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में कायस्थम द्वारा की गई पहल का समर्थन किया। गोविंद नारायण श्रीवास्तव को कायस्थम का साहित्य भेंट किया गया।

**हड़ताल** टैक्सी यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर किया हड़ताल का ऐलान

# राजधानी में आज थम जाएंगे टैक्सी-ऑटो के पहिए, यात्रियों को होगी परेशानी

**भोपाल एजेंसी**

राजधानीवासियों को कल एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। सोमवार को टैक्सी यूनियन ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है। टैक्सी यूनियन कल्याण समिति के आह्वान पर सैकड़ों टैक्सी व ऑटो चालक अपनी मांगों को लेकर सोमवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक डॉ. अंबेडकर जयंती पार्क प्रदर्शन करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार टैक्सी यूनियन ने अवैध वसूली सहित कई चीजों का विरोध करते हुए से रोकने की मांग की है और इसी बात को लेकर उन्होंने आंदोलन की राह पकड़ी है। यूनियन के राष्ट्रीय सचिव नफीसउद्दीन ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन राजधानी सहित प्रदेशभर के टैक्सी चालकों की उपेक्षा और शोषण के खिलाफ है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा और पुलिस प्रशासन से इसकी विधिवत अनुमति भी ली जा चुकी है।



### टैक्सी यूनियन की प्रमुख मांगें

1. रेलवे स्टेशनों पर अवैध वसूली तत्काल बंद की जाए
2. एयरपोर्ट और अन्य पब्लिक पिकअप पॉइंट्स पर उचित पार्किंग सुविधा दी जाए
3. एयरपोर्ट पर प्राइवेट टैक्सियों का अतिक्रमण रोका जाए
4. अवैध प्राइवेट और टू-व्हीलर टैक्सी सेवाएं बंद की जाएं
5. निजी टैक्सी कंपनियों पर सरकारी दरें लागू हों

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**भोपाल एजेंसी**

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 के कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन उपलब्ध हैं। वे ही छात्र-छात्राएं आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय, अशासकीय, ईजीएस के कक्षा-5वीं में अध्ययनरत हैं तथा जिनका जन्म 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य हुआ हो। आवेदनकर्ता ने कक्षा तीसरी, चौथी, पांचवीं में लगातार प्रत्येक पूर्ण सत्र में अध्ययन किया हो तथा एक ही कक्षा में पुनरावृत्ति न की हो। विद्यालय में छात्र, छात्राओं को शिक्षा, आवास, भोजन, यूनिफॉर्म, पाठ्य-पुस्तक एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। जिसके अतिरिक्त नवीन शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत छात्र, छात्राओं को कम्प्यूटर, इंटरनेट, स्मार्ट क्लास की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। चयन परीक्षा 13 दिसम्बर 2025, शनिवार को आयोजित होगी। चयन परीक्षा के आवेदन केवल ऑनलाइन भरे जाएंगे। आवेदन की वेबसाइटें से आवेदन फॉर्म भरे जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है।

# 5 दिन से लापता युवक की नदी में मिली लाश, वायरल वीडियो से सुलझा राज

**खजुरिया घाट की झाड़ियों में फंसा था शव, शव की हालत देख कांपे लोग मौत रहस्य, बाइक अब तक गायब**



**रायसेन से कलीम खान की रिपोर्टर बेगमगंज ( रायसेन )।** बेगमगंज क्षेत्र में बीना नदी में बहती लाश की गुत्थी आखिरकार 5 दिन बाद सुलझ ही गई। 9 जुलाई की रात से लापता हरदयाल लोधी का शव 14 जुलाई की सुबह खजुरिया घाट पुल के नीचे झाड़ियों में फंसा मिला। शव की हालत बेहद खराब थी और उस पर जलीय जीवों के हमले के निशान मिले हैं। मौत की वजह अब भी रहस्य बनी हुई है।

**वायरल वीडियो से खुला मामला**

12 जुलाई को खजुरिया घाट से एक शव का बहते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इसी वीडियो को देखने के बाद परिजन हरकत में आए और बेगमगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

**14 जुलाई को कम हुआ नदी का पानी, तब मिला शव**

लगातार तलाश के बाद रविवार सुबह जब बीना नदी का जलस्तर कम हुआ तो पुल की एक मोहरी में झाड़ियों में फंसा शव दिखा। ग्रामीणों ने रस्सी से बांधकर शव को बाहर निकाला और पुल पर लाया गया। पुलिस की मौजूदगी में शव की पहचान की गई।

**मृतक की पहचान**

हरदयाल लोधी (पुत्र ग्याप्रसाद लोधी), निवासी पेकलोन थाना राहतगढ़ जिला सागर के रूप में की गई। वह 9 जुलाई को अपनी ससुराल खैरी अपने भाई को छोड़ने गया था, और वापसी में बेगमगंज में अंतिम बार देखा गया। इसके बाद वह लापता हो गया।

**परिजनों की हालत बेहाल, घर में मातम**

हरदयाल की एक बेटी है और पत्नी दूसरी डिलीवरी के निकट है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। अगर वीडियो वायरल नहीं होता, तो शव की बरामदगी और पहचान बेहद मुश्किल हो जाती। मृतक की प्लैटिना मोटरसाइकिल अब तक नहीं मिली है। परिजन मौत को संदिग्ध मान रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। बिंदेश लोधी (मृतक का भाई) हमने हर जगह ढूंढा, वीडियो से ही पता चला... पुलिस ने देर से एक्ट किया.. राम सुमेर जेस्वार (एएसआई बेगमगंज) शव को पीएम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर ही कुछ स्पष्ट होगा। बाइक की तलाश जारी है।

# जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स व नगर पालिका निगम के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम

**फैज मोहम्मद कोरबा।** जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने जारी एक विज्ञप्ति में बना बताया कि गौ माता चौक कोरबा के बाजू में एक एकड़ बाउंड्री बाल किए हुए स्थान में जिला चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा एवं नगर पालिक निगम कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में 150 नीम पेड़ का वृक्षारोपण कर निंबाड़ा का निर्माण होना है आप भी अपने परिवार के सदस्य की स्मृति में अपने हाथ से एक नीम का पौधा लगाए कार्यक्रम मंगलवार दिन दिनांक 15 जुलाई को सुबह 8:30 बजे से गौ माता चौक सीतामढ़ी कोरबा में संपन्न होगाद्य परिवारजन की स्मृति में जो नाम लिखना है उसे व्हाट्सएप करें ताकि 15 जुलाई को वृक्षारोपण के समय ही नेमप्लेट को लगाया जा सके योगेश जैन 7000 832788 नरेंद्र अग्रवाल 9827496959।



# ढेलवाड़ीह माध्यमिक शाला में धूमधाम से मनाया गया

**फैज मोहम्मद कोरबा।** ढेलवाड़ीह माध्यमिक शाला में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार जी द्वारा तिलक लगाकर छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर निशुल्क पुस्तक वितरण किया गया इस मौके पर सरपंच कौशल्या देवी, जनपद सदस्य एसएमबीसी के अध्यक्ष मनोज सोनी उप सरपंच हरिहर सिंह विवेक मारकंडे सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं ग्राम वासी द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया।



# करणी सेना ने रामलीला चौराहे पर किया चक्का जाम



**रंजीत ठाकुर की रिपोर्ट विदिशा।** करणी सेना द्वारा रामलीला चौराहे पर किया चक्का जाम करणी सेना परिवार के जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि हरदा पुलिस द्वारा राजपूत छात्रावास में छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट के विरोध में एवं हरदा के जिला अध्यक्ष की पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी को लेकर को एवं कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में पूरे मध्य प्रदेश में करणी सेना परिवार द्वारा चक्का जाम किया जा रहा है जिसमें आज विदिशा में भी भारी संख्या में एकजुट होकर रामलीला चौराहे पर सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर जमकर हंगामा किया और चक्का जाम किया अचानक हुए प्रदर्शन से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी बात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सिविल थाना प्रभारी एवं एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे साहित मौके पर पहुंचे और करणी सैनिकों को अस्वस्थ कर चक्का जाम को रुकवाया।

# ग्राम बांसखेड़ी के लोगों ने विधायक सूर्य प्रकाश मीणा के हाय हाय के नारे लगाए कहां की वोट लेने के बाद गोल हो गए विधायक

**3 किलोमीटर का गड्ढों में तब्दील रास्ता पर करना पड़ता है जिस कारण वहां तक कोई एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती**



**रंजीत ठाकुर की रिपोर्ट विदिशा।** जिले के नटेरन तहसील की ग्राम पंचायत आमखेड़ा सूखा ग्राम बांसखेड़ी गांव का नहीं है सरकारी दस्तावेजों में नाम गांव में 500 परिवारों की बस्ती है ऐसा नहीं है कि इस गांव में कोई वोट नहीं डालता हो क्योंकि राजनीतिक पार्टियों अपने वोट मांगने के लिए गांव तक तो पहुंचते हैं और लुभाने ने बातें भी करते हैं लेकिन जीतने के बाद 5 साल कोई इन वाशिंदों की शुद्ध लेने नहीं पहुंचता है यही



है गांव वालों की माने तो 35 सालों से वहां रह रहे हैं लेकिन मूलभूत सुविधाओं में जो सुविधा होना चाहिए वह उपलब्ध नहीं हो पा रही और तो और विधायक और मुख्यमंत्री हाय हाय के नारे तक लगा दिए जाहिर सी बात है एक तरफ बीजेपी सरकार मध्य प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने की बात करती है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में धरातल पर देखा जाए तो यहां के बाशिंदे मजबूरी में अपना गुजारा कर रहे हैं मीडिया को देखकर



कारण है कि गांव का विकास नहीं हो पा रहा क्योंकि गांव का नाम नाकशे में नहीं है ना ही कोई सरकारी दस्तावेजों में इस गांव का नाम है आखिर यह कैसी बस्ती है चलने के लिए सड़क नहीं है लेकिन बस्ती में वोटर है स्वास्थ्य सेवाएं नहीं है स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए 3 किलोमीटर का गड्ढों में तब्दील रास्ता पर करना पड़ता है जिस कारण वहां तक कोई एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती आखिरकार गांव के लोग ही अपने निजी वाहन से यह पर खटिया पर लेट कर जोखिम भरा रास्ता तय कर स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच पाते हैं यही हालात स्कूली बच्चों के हैं उठने गिरते कीचड़ में चलकर स्कूल पहुंचते हैं कुछ बच्चे तो महीने भर अपनी पढ़ाई नहीं कर पाते ग्रामीण क्षेत्रों में यही हालत देखकर शिक्षा का स्तर गिरता नजर आता ग्रामीणों ने अपना दुख बयान किया कहा कोई तो है जो हमारी शुद्ध लेने के लिए हमारे गांव तक पहुंचे वरना वोट लेने के बाद कोई हमारी चौखट तक नहीं पहुंचता है सरकार से गुजारिश है कि हमारे गांव तक सड़क बनवा दें जिससे कि बीमार दुखी और बच्चे अनपढ़ ना रहे।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, बिजली आपूर्ति ठप

**खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ पुष्पराज रॉबिंसन की रिपोर्ट जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही।** गौरेला पेंड्रा मरवाही,पेंड्रा



नया बस स्टैंड इलाके में रविवार शाम लगभग 4 बजे एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. आग के साथ हुए धमाके की आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए. इस घटना से ट्रांसफार्मर के ठीक बगल में स्थित एक धोबी की दुकान को भी नुकसान पहुंचा है जब की ट्रांसफार्मर मेन रोड में भीड़ भाड़ वाली जहां में होने के कारण जन-धन की हानी हो सकती थी या कोई बड़ी घटना घटित हों सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारण इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है. विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली व्यवस्था को पुन: बहाल करने में जुटे हुए हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाकों में भी अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन विद्युत विभाग इस की जांच में जुट गया है किस वजह से आग लगी है या किसी ने कोई शरारत की है।

# डीके फाउंडेशन ऑफ़ फ्रीडम एंड जस्टिस ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

मुस्तकीम नेताजी राष्ट्रीय उप मुख्य रिपोर्टिंग अधिकारी के नेतृत्व में मोहल्ला खत्रियान स्थित काशीराम कॉलोनी में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया जिसमें आवासीय परिसर के छोटे बच्चों का विशेष योगदान रहा पौधारोपण अभियान में रजा निसार अयान सद्दन आमिर सोहेल इस्लाम समीर समीम आमिर समीम साकिब जाकिर नफीस पेंटर शमसुद्दीन चांद नसीम शाहनवाज सलीम निखिल कुमार आशू कुमार सोनू फरहान अयान शोएब फैजान गत्ता व्यापारी आरिफ कुरैशी समसुद्दीन खान जिला प्रभारी बिजनौर डीके फाउंडेशन ऑफ फ्रीडम एंड जस्टिस आदि शामिल रहे।

# करणी सेना का धरना एवं जाम पुलिस ने भांजी लाठियां

**विशेष संवाददाता हरदा।** मध्य प्रदेश के हरदा जिले में करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उनके नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर बंगले के पास अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया 24 घंटे तक जब कोई कार्रवाई नहीं हुई और प्रदर्शनकारी धरने से नहीं




उठे तो पुलिस ने प्रदर्शन कार्यों को उठाने का प्रयास किया जब वह नहीं माने तो वाटर कैनन और अश्रु गैस का इस्तेमाल भी पुलिस ने किया और इसके बाद पुलिस ने लाठियां भाजी करणी सेवा के नेताओं प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम सारे लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर मारा कुछ लोगों को बंद कर दिया और कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला भी दर्ज किया, करणी सेवा का यह प्रदर्शन करणी सेवा के एक सदस्य के साथ धोखाधड़ी किए जाने को लेकर किया गया था करणी सेवा के एक सदस्य ने 18 लख रुपए का एक हीरा खरीदा था वह हीरा नकली निकल गया इस पर करणी सेवा के उसे सदस्य ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था लेकिन पुलिस ने जब कार्रवाई नहीं की तो करनी सी ने अपने उसे सदस्य के समर्थन में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जहां पुलिस ने लड़ियां भाजी हरदा की खबर जैसे ही मध्य प्रदेश के दूसरे जिलों में पहुंची वहां भी करनी सेवा के सदस्यों ने सड़कों पर उतरकर जाम लगा दिया नारेबाजी की इनमें मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल भी शामिल है मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 11 मिल पर करणी सेवा के पदाधिकारी और सदस्यों ने रोड पर जाम लगा दिया लगभग 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है 45 से 50 मिनट तक जाम लग रहा तब मिसरोद पुलिस ने मौके पर जाकर करणी सेवा के सदस्यों और पदाधिकारी को समझाइए और जाम खुलवाया ठीक इसी तरह की स्थिति इंदौर में हुई देवास में हुई और अन्य शहरों में हुई प्रशासन ने स्थिति ना बिगड़े इसके लिए मध्य प्रदेश के उन सात जिलों में धारा 144 लागू कर दी जहां करणी सेवा के पदाधिकारी या सदस्य जाम लगा सकते हैं या सरकार को और प्रशासन को परेशानी में डाल सकते हैं।

# छतरपुर में डेम के 12 गेट खुले, बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**छतरपुर विशेष संवाददाता।** मध्य प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से लगातार इंद्रदेव मेहरबान है और प्रदेश के लगभग 35 से 40 जिलों में लगातार बारिश होने से यहां बाढ़ की स्थिति बन गई है छतरपुर में स्थित बने डैम के 12 गेटों को खोल दिया गया है गेम में जलस्तर लगातार बढ़ रहा था और खतरे के निशान को पार करने लगा था डैम के 12 गेट खुल जाने से आसपास के इलाकों में बहुत तेजी से पानी दम से निकल गया है जिससे आसपास के इलाकों में पानी भर गया है छतरपुर में पिछले दो-तीन दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है लोगों का जीना माहौल हो रहा है तो वहीं जानवरों को खाने-पीने और रहने की व्यवस्था में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है रीवा सतना शहडोल उमरिया कटनी बालाघाट मंडला जबलपुर इलाकों में भारी बारिश के चलते अनेक कॉलोनी में पानी भर गया है तो अनेक जगह के रास्ते बंद हो गए हैं इसी तरह की स्थिति चंबल संभाग के अनेक ग्रामों में हुई है शयोपुर मैं बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं और कई गांव का संपर्क मुख्यालय से कट गया है तो वही रीवा में बीच शहर में अनेक बस्तियों में पानी भरा हुआ है लोगों की अभागवन में दिक्कत हो रही है लोगों के मकान में पानी भरने के कारण उनका रहना सोना खाना पीना सभी मुश्किल हो गया है बड़ी पोस्ट कॉलोनी में भी यही स्थिति बनी हुई है यहां तक की विधायकों के बांगो में भी पानी भरा हुआ है इस बात को लेकर आम लोग नाराज हो रहे हैं तो विधायक जी सरकार पर गुस्सा निकाल रहे हैं अभी हाल ही में रीवा में बने एयरप्लेन जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था पहली बरसात में इस हवाई अड्डे की बाउंड्री वॉल की दीवार भर भर कर गिर गई है बरसात के कारण कुछ कच्चे दम ग्रामीण क्षेत्रों में टूट गए हैं जहां से आवागमन मुश्किल हो गया है तो अनेक खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं अनेक क्षेत्रों मैं पानी सड़कों के ऊपर से बह रहा है एक दो जगह तो दुर्घटना होने से बची है एक जगह नल को पार करते हुए एक युवक मोटरसाइकिल सहित बह गया जिससे लोगों ने वह मुश्किल पड़ा और बचा लिया तो वहीं एक बस पानी के भाव के चलते पुलिया के नीचे गिर गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक मो. साबिर खान द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स 26, देशबंधु परिसर जोन-1 एमपी नगर से मुद्रित एवं मकान नंबर 2, गली नंबर 2 न्यू सब्जी मंडी सिलावट पुरा भोपाल ( मध्य प्रदेश ) से प्रकाशित!

प्रधान संपादकः मो. साबिर खान-मो नं. 9893887934 ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा ) Email-khabrokiroshniroshni@gmail.com